# नेशनल प्रेस टाइम्स

नेशनल प्रेस टाइम्स – नेशनल दैनिक हिंदी न्यूज़ पेपर

नई दिल्ली, शनिवार
05 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 36 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## आज रखा जाने अष्टम व्रत

### महागौरी



माँ दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गयी है। इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि श्वेत हैं। पार्वती रूप में उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की। इस कठोर तपस्या के कारण इनका शरीर एकदम काला पड़ गया। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगाजल से मल-मलकर धोया। जिससे इनका रंग गौर हो उठा। इनकी उपासना से भक्तों के सभी पाप विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं आते।

## पुर्तगाल-स्लोवाकिया का दौरा करेंगी राष्ट्रपति



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7-10 अप्रैल को पुर्तगाल और स्लोवाकिया का दौरा करेंगी। उनके दौरे के बारे में विदेश सचिव तन्मय लाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का दोनों देशों का दौरा महत्वपूर्ण है। तन्मय लाल ने बताया कि कोई भारतीय राष्ट्रपति 27 साल बाद पुर्तगाल का दौरा करेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात से 10 अप्रैल को चार दिवसीय दौरे पर पुर्तगाल और स्लोवाकिया जाएंगी। वह 7-8 अप्रैल को पुर्तगाल में रहेंगी।

शेष पेज 2 पर

# बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की खरी-खरी, बोले- माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें



बैंकॉक। मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं। इसके चलते भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी खटास आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई।

**लोकतांत्रिक, स्थिर और समावेशी बांग्लादेश को समर्थन**

पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि 'पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की।'

**विवादों में रहा है मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल-** बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था।

शेष पेज 2 पर

## वक्फ संशोधन बिल से हम सहमत नहीं:मायावती



लखनऊ। वक्फ संशोधन बिल पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर इसका दुरुपयोग हुआ तो बसपा मुसलमानों के साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि जनता को इसे समझने के लिए और समय देना चाहिए था।

वक्फ संशोधन बिल पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि केंद्र सरकार इस बिल को जल्दबाजी में लाई है। अगर इस बिल को समझने के लिए जनता को और समय दिया जाता तो अच्छा होता।

शेष पेज 2 पर

## राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका, सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में अदालत ने खारिज की याचिका



प्रयागराज। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। वीर सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में निचली अदालत से जारी समन को हाईकोर्ट ने खारिज करने से इनकार कर दिया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने याचिका दाखिल करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुमार्ना लगाया गया था। न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत उनकी वर्तमान याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में हाजिरी माफी की अर्जी लगाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दो सौ रुपये का हजार्ना लगाया गया था।

शेष पेज 2 पर

# मुख्यमंत्री योगी ने लॉन्च की 6500 करोड़ की आवासीय योजना

## आज से ही बुक कराइए अपनी जमीन, पंजीकरण शुरू



### फैक्ट फाइल

- जमीन की कीमत 41150 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई है।
- पंजीकरण ऑनलाइन एलडीए पोर्टल lda.inI इन पर होगा।
- पंजीकरण शुल्क 1100 रुपये तय किया गया है।
- पंजीकरण एक महीने तक चलेगा।

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अनंत नगर आवासीय योजना का शुभारंभ कर दिया। यह योजना 6500 करोड़ की है जो कि 785 एकड़ में प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर आवासीय योजना लॉन्च कर दी। इस योजना की लागत 6500 करोड़ रुपये है जो कि 785 एकड़ में प्रस्तावित है। शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने योजना को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही मोहान रोड स्थित इस योजना में भूखण्डों के लिए पंजीकरण का शुभारंभ हो गया।

**आठ सेक्टर में बंटी योजना का ग्रिड पैटर्न पर हुआ विकास-** अनंत नगर नाम से लॉन्च हुई एलडीए की मोहान रोड योजना में कुल आठ सेक्टर होंगे। इनके नाम भी तय हो गए हैं। इसमें आकाश खंड, आदित्य खंड, आलोक खंड, आदर्श खंड, आशीष खंड, आमोद खंड, आलेख खंड और आभास खंड होंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ के पंचकुला की तरह मोहान रोड योजना का विकास ग्रिड पैटर्न पर किया जाएगा। योजना कलिया खेड़ा और प्यारेपुर गांव की 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही है।

प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर, बरात घर और वेंडिंग जोन का प्रावधान किया जाएगा। योजना में पांच श्रेणी के आवासीय भूखंड नियोजित किए जाएंगे। इसमें 112.50 वर्गमीटर, 162 वर्गमीटर, 200 वर्गमीटर, 288 वर्गमीटर व 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड शामिल हैं। ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड भी नियोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 102 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में एजुकेशन सिटी विकसित की जाएगी।

## संसद से वक्फ बिल पारित होने के बाद आक्रोश, अहमदाबाद-कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन




नई दिल्ली। संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती का कहना है, 'ऐसा नहीं होना चाहिए। यह अल्पसंख्यकों और मुसलमानों की संस्था है और इस पर इस तरह से हमला करना और संसद में इसे पारित करना, मेरा मानना है कि डकैती के बराबर है, जो बहुत गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए।'

संसद से वक्फ बिल पारित होने के बाद आक्रोश; अहमदाबाद-कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन

संसद के बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल बहुमत से पारित हो चुका है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद विधेयक कानून की शक्ल ले लेगा। प्रस्तावित कानून के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों में आक्रोश है।

शेष पेज 2 पर

# अमेरिका से...ट्रंप के टैरिफ का भारत देगा ताबड़तोड़ जवाब



नई दिल्ली। अमेरिका पर 52% तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 27% टैरिफ लगाएगा। खैर ट्रंप ने भारत के साथ साथ कई और देशों पर भी टैरिफ लगाया है। इनमें चीन, कनाडा, मैक्सिको, पाकिस्तान जैसे कई देश शामिल हैं। टैरिफ एक ऐसा मुद्दा है जिसे लेकर काफी वक्त से अमेरिका सभी देशों को धमका रहा था। इसके लागू होने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त हो जाएगी, बल्कि लाखों-करोड़ों का नुकसान भी होगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के तमाम देश के लिए टैरिफ का ऐलान कर दिया। ट्रंप ने इसे डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ का नाम दिया है। बड़ी बात ये है कि भारत से अच्छी दोस्ती के बावजूद 27 प्रतिशत टैरिफ अमेरिका ने लगाया है। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त है। ट्रंप ने भारत पर रिसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान करते हुए कहा कि भारत बड़ा टफ देश है। वहां के लोग और सरकार काफी अच्छे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके काफी अच्छे मित्र भी हैं। बावजूद इसके वह अमेरिका प्रोडक्ट पर 52% का टैरिफ लगाते हैं। भारत अमेरिका पर 52% तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 27% टैरिफ लगाएगा। खैर ट्रंप ने भारत के साथ साथ कई और देशों पर भी टैरिफ लगाया है।

शेष पेज 2 पर

**रेसिप्रोकल टैरिफ** रेसिप्रोकल टैरिफ में हैं कई झोल! ट्रंप की टीम ने कर दी

# ट्रंप की टीम ने कर दी कैलकुलेशन मिस्टेक या आने वाले दिनों में भारत समेत अन्य देशों पर लग सकता है और टैरिफ

वशिगटन। टैरिफ लगने का स्केल कहीं ज्यादा बड़ा है। नहीं लगने का बहुत ही लिमिटेड हैं। टैरिफ की सबसे ज्यादा मार झेलने वालों में कुछ तो अमेरिका के शत्रु हैं। लेकिन ज्यादातर खुद को अमेरिका का जिगरी दोस्त मानते हैं, लेकिन आगे से शायद न मानें। ट्रंप ने ऐसी कोई गुंजाइश छोड़ी नहीं है। इसमें भारत भी शामिल है जिस पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

In many cases, the friend is worse than the foe in terms of trade.. व्यापार में कई दफा दुश्मन से ज्यादा खतरनाक दोस्त होते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यही लाइन बोलकर टैरिफ अटैक की शुरूआत की। जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वो 2 अप्रैल को सच हो गया। 2 अप्रैल अमेरिका के और 3 अप्रैल भारत के जब ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया। जो भी देश अमेरिका के साथ व्यापार कर रहे हैं उन पर ट्रंप ने एकमुश्त टैरिफ लगाया है। हालांकि कॉपर, फॉर्मा, सेमीकंडक्टर, गोल्ड, सिल्वर, एनर्जी और कुछ यूनिक मिनरल्स को इससे दायरे से बाहर रखा है। यानी जहां फायदा था उसके तारों को नहीं छेड़ा गया है। लेकिन इसकी मात्रा बहुत लिमिटेड है। टैरिफ लगने का स्केल कहीं ज्यादा बड़ा है। नहीं लगने का बहुत ही लिमिटेड हैं। टैरिफ की सबसे ज्यादा मार झेलने वालों में कुछ तो अमेरिका के शत्रु हैं। लेकिन ज्यादातर खुद को अमेरिका का जिगरी दोस्त मानते हैं, लेकिन आगे से शायद न मानें। ट्रंप ने ऐसी कोई गुंजाइश छोड़ी नहीं है। इसमें भारत भी शामिल है जिस पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। शेष पेज 2 पर



# दिल्ली में गरीबों को आज से मिलेगा आयुष्मान 10 लाख तक का करा सकेंगे मुफ्त इलाज

## -सुविधा शुरू करने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली के बीच समझौता होगा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली । दिल्ली में गरीबों को शनिवार से आयुष्मान मिलेगा। इस सुविधा के तहत पंजीकृत व्यक्ति दिल्ली सहित देशभर के निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। सुविधा को शुरू करने के लिए शनिवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता होगा।

दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) के क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और दिल्ली सरकार के बीच समझौता होगा। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपस्थिति रहेंगी।

**एक माह में एक लाख परिवारों को**



**मिलेगी सुविधा**-दिल्ली सरकार के मुताबिक, समझौते के साथ ही योजना के तहत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में एक लाख परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। योजना के पहले चरण के लिए एएवाई और पीआरएस कार्ड को चुना है। इसके अलावा दूसरे नियम भी बनाए जा रहे हैं। समझौते के साथ ही योजना में शामिल करने के लिए नियम और शर्त सार्वजनिक हो जाएंगे। इन्हीं नियमों के तहत दिल्ली के सभी लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी।

दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे मैक्स, मेंदाता, अपोलो सहित बड़े अस्पतालों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाने के लिए 30 फीसदी का टैरिफ दिया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि सामान्य अस्पताल व नर्सिंग होम के मुकाबले इन्हें दी जाने वाली दर 25 से 35 फीसदी तक ज्यादा हो सकती है, जबकि अन्य अस्पतालों की दर देश के अन्य राज्यों की तरह होने का अनुमान है।

**बिना कार्ड वालों को योजना में शामिल होने के लिए इंतजार करना पड़ेगा**

दिल्ली में रह रहे बिना कार्ड वालों को आयुष्मान योजना में शामिल होने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है। फिलहाल ऐसे परिवार वालों के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन गरीब परिवारों को शामिल करने के लिए योजना बनाई जा सकती है। उसके बाद ही उन्हें आयुष्मान की योजना मिल सकती है।

# जामिया के छात्र नेताओं ने बिल का किया विरोध, जामा मस्जिद से लेकर अन्य स्थानों पर तैनात रही पुलिस

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली । जामा मस्जिद के बाहर मौजूद लोगों ने बिल के विरोध में कहा कि यह सरकार एक धर्म के खिलाफ काम कर रही है। अल्पसंख्यकों और दलितों पर सरकार अत्याचार कर रही है।

संसद में वक्फ संशोधन बिल पास किये जाने के विरोध में दिल्ली में शुक्रवार को कई जगह प्रदर्शन हुए। पुलिस ने भी इसको लेकर पहले से ही तैयारी कर रखी थी। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय परिसर से लेकर जामा मस्जिद के बाहर तक पुलिस का सख्त पहरा रहा। जामिया मिल्लिया में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के छात्र नेताओं ने 'हम वक्फ संशोधन विधेयक को अस्वीकार करते हैं' लिखी तख्तियां लेकर बिल



का विरोध किया।

जामा मस्जिद के बाहर मौजूद लोगों ने बिल के विरोध में कहा कि यह सरकार एक धर्म के खिलाफ काम कर रही है। अल्पसंख्यकों और दलितों पर आज अत्याचार हो रहा है। इनकी जमीन छीनी जा रही है। अगला नंबर दूसरे धर्मों के लोगों का है। यह जमीनें जो छीनी जाएंगी वह उद्योगपतियों को सौंपी जाएगी।

**बृहस्पतिवार देर रात बिल पर राज्यसभा ने भी लगाई अपनी मुहर**-वक्फ संशोधन विधेयक-यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एम्पावरमेंट एफिशिएंसी एंड डवलपमेंट (उम्मीद) पर 13 घंटे की लंबी चर्चा के बाद बृहस्पतिवार देर रात 2:30 के बाद राज्यसभा ने भी अपनी मुहर लगा दी। लोकसभा की तरह उच्च सदन ने भी विपक्ष के सभी संशोधन प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज कर दिए। हालांकि, द्रमुक के तिरुचि शिवा का संशोधन 92 के मुकाबले 125 मतों से खारिज हो गया। इससे पहले, लोकसभा ने बुधवार रात करीब 1.56 बजे वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित कर दिया। विधेयक के पक्ष में 288, जबकि विरोध में 232 मत पड़े। विधेयक पर लोकसभा में 12 घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। विधेयक अब हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा और सरकार की ओर से अधिसूचित होते ही कानून का रूप ले लेगा।

# शाजिया इल्मी मानहानि मामले में हाईकोर्ट का आदेश, पत्रकार और मीडिया हाउस को विवादित वीडियो हटाने को कहा

दिल्ली। 27 जुलाई 2024 को राजदीप सरदेसाई ने अपने एक्स हैंडल पर इस वीडियो को एक ट्वीट के साथ पोस्ट किया, जिसमें इल्मी पर कैमरामैन के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया। इल्मी ने इसे मान हानिकारक और उनकी गोपनीयता का उल्लंघन बताते हुए कोर्ट का रुख किया था।

भाजपा नेता शाजिया इल्मी मानहानि मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित किया है। अदालत ने राजदीप सरदेसाई समेत मीडिया हाउस (इंडिया टुडे) को विवादित वीडियो सोशल मीडिया से हटाने के निर्देश दिए हैं। यह वीडियो शाजिया इल्मी के घर पर बिना उनकी सहमति के रिकॉर्ड किया गया था। यह फैसला न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने सुनाया।

अदालत ने मामले में पाया कि शाजिया इल्मी की गोपनीयता के अधिकारों का




प्रथम दृष्टया उल्लंघन हुआ है। शाजिया इल्मी ने यह मुकदमा 26 जुलाई 2024 को इंडिया टुडे पर प्रसारित एक लाइव डिबेट के बाद हुई घटना के आधार पर दायर किया था। यह डिबेट करगिल दिवस और अग्निवीर पर आधारित थी। डिबेट के दौरान राजदीप सरदेसाई के साथ मतभेद के बाद इल्मी ने बीच में ही डिबेट छोड़ दी थी। इसके बाद उनके घर पर मौजूद कैमरामैन (प्रतिवादी नंबर 12) ने उनकी सहमति के बिना 40 सेकंड का वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें वह माइक हटाते और असहज स्थिति में दिखाई दे रही थीं। 27 जुलाई 2024 को राजदीप सरदेसाई ने अपने एक्स हैंडल पर इस वीडियो को एक ट्वीट के साथ पोस्ट किया, जिसमें इल्मी पर कैमरामैन के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया। इल्मी ने इसे मान हानिकारक और उनकी गोपनीयता का उल्लंघन बताते हुए कोर्ट का रुख किया था।

# पेज एक का शेष...

## बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की खरी-खरी, बोले- माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें

उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं।

इसके चलते भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी खटास आई है। बीते हफ्ते ही चीन के दौरे पर मोहम्मद यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आई है।

**चीन दौरे पर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर दिया था आपत्तिजनक बयान**-दरअसल मोहम्मद यूनुस ने चीन दौरे पर चीन की सरकार से बांग्लादेश में निवेश बढ़ाने की अपील की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्य चारों तरफ जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंच नहीं है। ऐसे में ये चीन के लिए अवसर हो सकता है। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश ही ऐसी ताकत है, जिसके पास समुद्री पहुंच है। हालांकि मोहम्मद यूनुस का यह बयान भारत को नाराज कर गया और इसे लेकर आधिकारिक चैनल से भारत ने नाराजगी भी जाहिर की है।

प्रधानमंत्री मोदी बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड दौरे पर हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी म्यांमार के सैन्य शासक मिन आंग ह्लेइंग से भी मुलाकात की और उन्हें भूकंप से राहत और बचाव कार्यों में हरसंभव मदद देने की पेशकश की।

## राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका, सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में अदालत ने खारिज की याचिका

गौरतलब है कि वादी नृपेंद्र पांडेय ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने 17 नवंबर 2022 को भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान वैमनस्यता पैदा करने के लिए महाराष्ट्र के अकोला में सार्वजनिक मंच से वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इतना ही नहीं, राहुल ने देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। अर्जी में यह भी कहा गया है कि राहुल गांधी ने वीर सावरकर को अंग्रेजों का पेंशनर समेत अन्य कई अपमानजनक बातें कहीं।

## वक्फ संशोधन बिल से हम सहमत नहीं:मायावती

एक्स पर जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कार्ष यही निकलता है कि केन्द्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी सन्देहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता।

उन्होंने कहा कि दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर इसे पास कराया है। यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

2. लेकिन दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर जो इसे पास कराया है यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। (2/2)

बता दें कि वक्फ संशोधन बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पास कर दिया गया है अब जल्द ही मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

## ट्रंप की टीम ने कर दी कैलकुलेशन मिस्टेक या आने वाले दिनों में भारत समेत अन्य देशों पर लग सकता है और टैरिफ

ट्रंप ने किस पर कितना टैरिफ लगाया-व्हाइट हाउस के दस्तावेजों के मुताविक, भारत पर 27% शुल्क लगेगा। भारत पर 10% का आधारभूत शुल्क 5 अप्रैल से और अतिरिक्त 27 प्रतिशत शुल्क 9 अप्रैल से प्रभावी होगा। यह 27% शुल्क अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय उत्पादों पर अभी लागू किसी ने शुल्क के अतिरिक्त होगा। अमेरिका के टैरिफ के जवाब में कनाडा ने उस पर 25% ऑटो टैरिफ लगाया। भारत सरकार ने कहा कि अमेरिका के जवावी टैरिफ से पड़ने वाले असर का आकलन किया जा रहा है। उठाए जा सकने वाले कदमों के वारे में सभी संबंधित पक्षों से विचार किया जा रहा है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने कहा, हम इंडस्ट्री सभी संबंधित पक्षों से टैरिफ के असर पर राय ले रहे हैं।

रेसिप्रोकल टैरिफ की जो परिभाषा दी क्या वो लागू भी किया-प्रेसिडेंट ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की जो परिभाषा दी गई है। उसके अनुसार दूसरे देशों पर इस बार टैरिफ नहीं लगा है। इसी वजह से जानकार मानते हैं कि ट्रंप की थ्योरी में कुछ झोल है। टैरिफ कैलकुलेट करने का तरीका कुछ अजीब है। असल में राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से साफ किया गया था कि अमेरिका दूसरे देशों के आयात पर उतना ही टैरिफ लगाएगा जितना वो देश अमेरिका के आयात पर लगाएंगे। लेकिन अभी जो टैरिफ लगाए गए हैं, वो इस कथन के विपरती नजर आ रहे हैं। ऐसे में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि ने बयान में इतना कहा है कि रेसिप्रोकल टैरिफ इस तरीके से कैलकुलेट किया गया है, जिससे दूसरे देशओं के साथ चल रहे व्यापारिक घाटे को पाटा जा सके। अब यह जो परिभाषा दी जा रही है, असल में तो इसे रेसिप्रोकल टैरिफ की व्याख्या नहीं कहा जा सकता। अगर अमेरिका को रेसिप्रोकल टैरिफ ही लगाना होता तो वो उतना टैरिफ दूसरे देश पर लगाता जितना उस पर लग रहा होता। लेकिन यहां तो सिर्फ व्यापारिक घाटे को पाटने की कोशिश हो रही है।

इस गणना में क्या गलत है? -घरेलू स्तर पर व्यापार घाटे की आलोचना करना और यह सवाल उठाना राजनीतिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है कि अगर यह उचित है तो दो देशों के बीच व्यापार को संतुलित क्यों नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन यह समझना जरूरी है कि कुछ देशों के साथ ट्रेड डेफिसिट में चला जाता है तो कुछ देशों के साथ सरप्लस में। जबकि टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाएं और मुद्रा हेरफेर अंततः व्यापार घाटे या सरप्लसस में योगदान करते हैं, टैरिफ अकेले घाटे को हल नहीं कर सकते हैं और न ही सभी घाटे दो देशों के बीच व्यापार के अनुचित होने का सबूत हैं। उदाहरण के लिए, मुख्य रूप से चावल खाने वाले देश के लिए ऐसे देश से बहुत ज्यादा आयात करना संभव नहीं है जो मुख्य रूप से गेहूं का उत्पादन और निर्यात करता है, भले ही टैरिफ का स्तर कुछ भी हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि चावल खाने वाले देश में गेहूं की पर्याप्त मांग नहीं होगी। हां अगर वही देश अगर खेती से जुड़ी कोई मशीन कहीं से आयात करेगा, तब उस देश के साथ उसका ट्रेड डेफिसिट होगा, जानते हैं क्यों- क्योंकि चावल वाले देश में उन मशीन की जरूरत तो काफी होगी, लेकिन वहां वो प्रड्यूज ही नहीं होतीं। अगर ट्रंप की नजर से रेसिप्रोकल टैरिफ को समझें तो वे आने वाले दिनों में भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगा सकते हैं, वो भी इसलिए क्योंकि उन्हें ट्रेड डेफिसिट खत्म करना है, उन्हें समान टैरिफ लगाने से कोई मतलब नहीं है।

## अमेरिका से...ट्रंप के टैरिफ का भारत देगा ताबड़तोड़ जवाब

इनमें चीन, कनाडा, मैक्सिको, पाकिस्तान जैसे कई देश शामिल हैं। टैरिफ एक ऐसा मुद्दा है जिसे लेकर काफी वक्त से अमेरिका सभी देशों को धमका रहा था। इसके लागू होने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त हो जाएगी, बल्कि लाखों-करोड़ों का नुकसान भी होगा।

क्या होता है रेसिप्रोकल टैरिफ?- जब एक देश किसी दूसरे देश से आयात होने वाले उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाता है और दूसरा देश जवाब में उसी अनुपात में या कम-ज्यादा दर पर टैरिफ लगा देता है, तो इसे रेसिप्रोकल टैरिफ कहा जाता है। सीधा मतलब- जैसे को तैसा। ट्रम्प ने लंबे समय से व्यापार असंतुलन के समाधान के रूप में टैरिफ का समर्थन किया है, जबकि अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि उपभोक्ताओं को अंततः इसकी कीमत चुकानी होगी। आलोचकों का तर्क है कि आयात की उच्च कीमतें मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकती हैं और अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल सकती हैं।

कंपनियां अमेरिका में आकर ही प्रोडक्ट बनाना शुरू करेंगी? -बहुत से देश अमेरिकी सामानों पर ज्यादा शुल्क लगाते आए हैं। अमेरिका का कहना है कि उनके सामानों पर ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी लगाने वाले सभी देशों से आयात पर वो भी ज्यादा टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप का कहना है कि नए टैरिफ से विदेशी सामानों को अमेरिका में लाना महंगा हो जाएगा, जिससे कंपनियां अमेरिका में आकर ही प्रोडक्ट बनाना शुरू करेंगी और नौकरियों के ज्यादा अवसर पैदा होंगे। अब ऐसा होगा कि नहीं ये तो वक्त ही बताएगा। रेसिप्रोकल टैरिफ लागू कर दिया है। खास बात यह है कि दुनिया के 11 देश ऐसे हैं जिन पर भारत के मुकाबले ज्यादा टैरिफ लगा है। इनमें चीन, पाकिस्तान का नाम भी शामिल है जहां पाकिस्तान पर ट्रंप ने 29% टैरिफ लगाया है वहीं चीन पर ट्रंप की ओर से 34% का टैरिफ लगाया गया है। चीनी सामानों पर पहले ही 20 प्रतिशत का टैरिफ लगा हुआ है।

भारत पर असर-भारत पर इसके असर पर गौर करे तो एक रिपोर्ट के मुताबिक इस टैरिफ से भारत को बहुत अधिक नुकसान नहीं होगा। भारत के निर्यात में 3-3.5 प्रतिशत का गिरावट हो सकती है। निर्माण और सेवा क्षेत्र में बढ़ते निर्यात से असर कम हो सकता है। यूरोप, मध्य पूर्व अमेरिका के जरिए नए व्यापार मार्ग बनाए जा रहे हैं। भारत ने अपने निर्यात मिशन को विविध बनाया है। इसलिए भारत को इससे शायद ज्यादा दिक्कत न हो। कुछ एक्सपर्ट्स की माने तो इस टैरिफ का सबसे बुरा असर कपड़ा उद्योग, परिधान और ज्यूलरी सेक्टर पर ही हो सकता है।

## पुर्तगाल-स्लोवाकिया का दौरा करेंगी राष्ट्रपति

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत और पुर्तगाल राजयनिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। विदेश सचिव तन्मय ने राष्ट्रपति मुर्मू की पुर्तगाल और स्लोवाकिया यात्रा को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा ऐतिहासिक है, क्योंकि किसी भारतीय राष्ट्रपति की 27 साल बाद पुर्तगाल यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल के अपने समकक्ष मासेली रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर वहां का दौरा करेंगी। इससे पहले, पुर्तगाल के राष्ट्रपति डी सूसा ने 2020 में भारत का दौरा किया था और पीएम नरेंद्र मोदी 2017 में पुर्तगाल गए थे।

राष्ट्रपति की यात्रा से और मजबूत होंगे भारत-पुर्तगाल संबंध -विदेश सचिव लाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और पुर्तगाल के बीच कई उच्च स्तरीय दौरे हुए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू की इस यात्रा से भारत और पुर्तगाल के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि भारत-पुर्तगाल के के रिश्ते भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों को भी मजबूत बनाते हैं, क्योंकि 2000 में, जब पुर्तगाल यूरोपीय संघ का अध्यक्ष था, तब पुर्तगाल ने पहले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। भारत की ओर से स्लोवाकिया की दूसरी राजकीय यात्रा- विदेश सचिव ने आगे कहा कि राष्ट्रपति मूर्मू का दौरा भारत की ओर से स्लोवाकिया की दूसरी राजकीय यात्रा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, दोनों देशों के बीच राजनीतिक जुड़ाव बढ़ा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2023 में ब्रातिस्लावा का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच मजबूत राजनीतिक और व्यापारिक संबंध हैं। विदेश सचिव ने कहा कि स्लोवाकिया में भारतीय कंपनियों ने महत्वपूर्ण निवेश किया है। इसके अलावा, स्लोवाकिया के व्यवसाय भी भारत में विनिर्माण, इस्पात, आईटी हार्डवेयर और रेलवे जैसे क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं।

भारत-स्लोवाकिया के बीच रक्षा संबंध भी लंबे समय से- विदेश सचिव तन्मय लाल ने बताया कि भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा संबंध भी लंबे समय से हैं। 2017 में, भारत ने स्लोवाकिया के एक उपग्रह को पीएसएलवी द्वारा लॉन्च किया था। दोनों देशों के बीच 1.2 बिलियन का व्यापार है। विदेश सचिव ने बताया कि 2022 में, जब यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकाला गया, तब स्लोवाकिया ने बहुत मदद की और भारत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया।

## संसद से वक्फ बिल पारित होने के बाद आक्रोश, अहमदाबाद-कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन

भाजपा शासित राज्य- गुजरात के अहमदाबाद और तृणमूल कांग्रेस शासित प्रदेश पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन होने की शुरूआत हो गई है। अहमदाबाद में सड़कों पर उतरे आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

संसद से कब पारित हुए विधेयक- गौरतलब है कि लोकसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 तीन अप्रैल को पारित हुआ। दो अप्रैल को चर्चा की शुरूआत के बाद लगभग 12 घंटे की चर्चा हुई। देर रात विधेयक और इसमें प्रस्तावित संशोधनों पर वोटिंग के बाद लोकसभा से यह विधेयक देर रात 1.56 बजे पारित हुआ। इसके समर्थन में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 वोट डाले गए। अगले दिन यानी चार अप्रैल को राज्यसभा में विधेयक पारित हुआ। राज्यसभा में तीन अप्रैल को इस विधेयक पर चर्चा की शुरूआत हुई। देर रात 2.32 बजे राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विधेयक पारित होने की घोषणा की। राज्यसभा में इस विधेयक को 128 सांसदों का समर्थन मिला, जबकि विरोध में 95 वोट डाले गए।

# गेटवे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 15वां स्थापना दिवस

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। बागपत के गेटवे इंटरनेशनल स्कूल का 15वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय में बच्चों द्वारा विशेष एसेंबली का आयोजन किया गया तथा गेटवे की पूर्व छात्रा द्वारा आईआईटी जैम की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश में 216वीं रैंक हासिल करने पर सम्मान प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में हवन कराया गया, ताकि सभी बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहे। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने हवन में भाग लिया तथा हवन आहुति देकर ईश्वर से प्रार्थना की। तत्पश्चात बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रेसिडेंट सुनील चौहान तथा मैनेजर कृष्णपाल सिंह, प्रधानाचार्य अमित चौहान ने विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रार्थना श्रीवास्तव को आईआईटी जैम में आल ओवर इंडिया 216 रैंक हासिल करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित चौहान ने कहा कि आज विद्यालय के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य तथा बेहतरीन शिक्षा के लिए संकल्पित है तथा गेटवे प्रांगण में प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के नए आयाम से पोषित किया जायेगा तथा उन्हें हर संभव सुविधाएं दी जाएगी, ताकि बच्चे प्रत्येक क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दे सके और देश व समाज की सेवा में अपना योगदान दे। इस मौके पर संजय शर्मा, अजय राणा, प्रतिभाराज, सवेरा जैन, मनोरमा, चक्षु, सूरज व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# महामासिक मिलन की सभी तैयारियां पूर्ण : मनोज जैन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। श्री महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 8 अप्रैल को महामासिक मिलन होने जा रहा है, जिसकी तैयारी बैठक जैन मिलन परिवार बड़ौत के केंद्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारी व शाखा के अध्यक्ष मंत्रियों की अतिथि भवन मे आयोजित की गई।

यह बैठक भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर मनोज कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। मनोज कुमार जैन ने कहा कि महावीर भगवान हमारे अन्तिम तीर्थंकर है, उनका जन्म कल्याणक महोत्सव हमे बडे ही हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाना चाहिए। जिसमें मनोज कुमार जैन ने जानकारी दी की कार्यक्रम घड़ी की सुई से सवा आठ बजे से पौने दस बजे तक होगा। महा मासिक मिलन में णमोकार महामंत्र का जाप किया जायेगा और फिर लक्की ड्रा निकाला जाएगा। उसके बाद शाखाओं द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त उन्हे सम्मानित किया जाएगा। इसमे निम्न पदाधिकारीगण संयोजक बनाए गए। क्षेत्र संख्या - 5 के वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष वीर नवीन जैन बब्बल, भारतीय जैन मिलन फाउंडेशन कोषाध्यक्ष अतिवीर संजीव जैन, क्षेत्र संख्या - 5 के उपाध्यक्ष वीर सुधीर जैन, क्षेत्र संख्या- 5 के उपाध्यक्ष वीर वरदान जैन, क्षेत्र संख्या- 5 के उपाध्यक्ष वीर सिद्धार्थ जैन, भारतीय जैन मिलन की उपाध्यक्षा वीरांगना सुमन जैन, क्षेत्र संख्या -5 की महिला चेयरपर्सन अतिवीरांगना अंजली जैन के मार्गदर्शन में कार्य किया जाएगा। बैठक में उपस्थित वीर पुनीत जैन, वीर कमल जैन, वीर नवनीत जैन, वीर हर्षित जैन, वीर अमर जैन, युवावीर शुभम जैन, युवावीर यश जैन, युवावीर सौरभ जैन आदि उपस्थित थे।

## सात लाख की ठगी का मामले में पंजाब नेशनल बैंक के बैंक मित्र को तीन साल की सजा

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। अलीगंज थाना क्षेत्र के गैनी गांव निवासी चैतन्य बाबू सक्सेना, जो पंजाब नेशनल बैंक, गैनी शाखा के तहत बैंक मित्र के रूप में कार्यरत थे। उनको को सात लाख रुपये की ठगी के मामले में तीन साल की सजा और 10,000 रुपये का अर्थदंड सुनाया गया है।

जानकारी के अनुसार बैंक मित्र ने ग्राहकों से जमा लिए गए 7,06,000 रुपये।यह रकम बैंक में जमा करने के बजाय खुद रख लिए और उन्हें फर्जी रसीदें थमा दीं।

जब ग्राहक अपने पैसे निकालने पहुंचे, तो ठगी का खुलासा हुआ।

कंपनी ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट-शिकायत के बाद संतोष फिनलीज कंपनी की ओर से पांच साल पहले मुकदमा दर्ज कराया गया था। अभियोजन अधिकारी रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि 17 पीड़ित ग्राहकों की गवाही और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया।

अदालत का फैसला-न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा भूषण की अदालत ने आरोप सिद्ध होने पर तीन साल का कारावास और ?10,000 का जुमार्ना लगाया।

बताते चलें कि 5 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद पीड़ित ग्राहकों को न्याय मिला।

# सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में हुआ हवन का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। हिन्दू नववर्ष व नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 के आरम्भ पर सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में हवन का आयोजन किया गया, इसमें शिक्षकों व बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और सामूहिक रूप से हवन कुंड में आहुतिया डाली।



यज्ञ के आचार्य नमन जोशी पुरोहित थे। यज्ञ के मुख्य यज्ञमान स्कूल के प्रधानाचार्य संत कुमार धामा रहे। उन्होंने बताया कि यज्ञ हमारी प्राचीन संस्कृति की परम्परा है। यज्ञ हमे संस्कारवान बनाता है तथा यज्ञ से हमे शान्ति मिलती है। यज्ञ करने से वायु प्रदूषण कम होता है। वायुमंडल में उपस्थित हानिकारक विषाणु नष्ट हो जाते हैं। यज्ञ में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने आहुति दी। इस मौके पर विजयेता सैनी, ईश्वर चौधरी, कविता धामा, अलका भारद्वाज, विकास, अमरदीप, प्रीति धामा, सोनू, आरती आदि शिक्षक-शिक्षिकाये एवं छात्र मौजूद रहे।

# पीएम इंटर्नशिप : योजना के लिए अच्छा मौका, 15 तक करें आवेदन

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष आयु के स्नातक, डिप्लोमाधारक, आईटीआई, 12वीं और 10वीं कक्षा पास अभ्यर्थी पोर्टल www.pminternship.mca.gov.in पर निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आईटीआई सीबीगंज के प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष की होगी। इंटर्नशिप करने वाले अभ्यर्थियों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये की मासिक सहायता भारत सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी।

# दो लाख रुपए के लिए पुलिसकर्मियों ने युवक को किया अगवा, फिर मांगे रुपए

## एसएसपी ने चौकी प्रभारी समेत तीन को किया सस्पेंड

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में वर्दी की आड़ में पुलिस कर्मियों का वसूली का मामला सामने आया है। स्मैक तस्करी के लिए पहले से चर्चित इस क्षेत्र में एक युवक को फर्जी आरोप में फंसाकर पुलिसकर्मियों द्वारा दो लाख रुपये की मांग की गई। मामले की जांच के बाद एसएसपी ने तीनों आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

घटना बीती रात की है, जब फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, सिपाही मोहित चौधरी और हिमांशु, भिटौरा गांव निवासी किसान बलवीर के घर पहुंचे। परिजनों के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने बिना वारंट घर में घुसकर तलाशी ली, सामान बिखेर दिया और बलवीर को जबरन उठा ले गए।

पीड़ित का आरोप है कि बलवीर को एक निजी आवास में ले जाकर बंद कर दिया गया और परिजनों को सूचना दी गई कि वह स्मैक तस्करी में शामिल हैं। उन्हें छोड़ने के बदले दो लाख रुपये की मांग की गई। बलवीर के परिवार ने तत्काल आईजी और एसएसपी बरेली से संपर्क किया। साथ ही घटना की जानकारी दी। जिस पर एसएसपी ने तीनों आरोपियों को किया निलंबित कर दिया।



बताते चलें कि एसएसपी के निर्देश पर सीओ हाईवे मौके पर पहुंचे तो आरोपी पुलिसकर्मी भाग निकले। इसके बाद बलवीर को छुड़ाया गया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी समेत तीनों पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने बताया कि तीनों को निलंबित कर दिया गया हैं। साथ ही आरोपियों की तलाश जारी है।

## धनराज बिल्डर के डायरेक्टर राकेश शर्मा और बेटे पर रिपोर्ट दर्ज

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। थाना कैंट क्षेत्र में धनराज इन्फ्राटेक प्रा०लि० के अधिकृत प्रतिनिधि शशांक शर्मा पुत्र श्री राकेश शर्मा व प्रबन्धक राकेश शर्मा पुत्र प्यारे लाल निवासीगण मार्डन विलेज के विरूद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी एवं धोखाधड़ी व षडयंत्र रचकर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज किये जाने के मामले में न्यायलय के आदेश पर थाना कैंट में एफआईआर दर्ज की गई है। बरेली थाना कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन्स के रहने वाले सूर्य प्रकाश शर्मा पुत्र कृष्ण दत्त शर्मा ने धनराज बिल्डर प्रा०लि० के एजेन्ट मोहित के माध्यम से लकी होम्स स्थित श्री कृष्णा सिटी फेस-द्वितीय, धोपा मन्दिर के पीछे एक आवासीय मकान 60 वर्ग का सौदा हुआ था। बिल्डर के रजिस्टर्ड कार्यालय एकता नगर बरेली से 19 नवंबर 2015 को मकान बुक कराया था।

## वक्फ संपत्तियों पर खतरा: दो हजार सरकारी संपत्तियां हो सकती हैं प्रभावित, कब्जे हटने की संभावना

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, जनपद में वक्फ संशोधन विधेयक के बाद करीब दो हजार सरकारी वक्फ संपत्तियों पर खतरा मंडराने लगा है। इन संपत्तियों का क्षेत्रफल 330.518 हेक्टेयर है और इनमें से कई पर अवैध कब्जे भी हो गए हैं।




वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद बरेली जिले में करीब दो हजार वक्फ संपत्तियों पर खतरा मंडराने लगा है। ये संपत्तियां सरकारी हैं।

जानकारी के मुताबिक जिले में 3,385 वक्फ संपत्तियों में से करीब दो हजार सरकारी हैं। इनका का क्षेत्रफल 330.518 हेक्टेयर है। वर्ष 1986 में प्रकाशित सरकारी गजट और रजिस्टर संख्या 37 में इनका ब्योरा दर्ज है।

इनमें से 700 संपत्तियां नगर निगम क्षेत्र में स्थित हैं। इनमें से कई पर अवैध निर्माण हो गए हैं। इस फेहरिस्त में कई नामचीन धर्मस्थल भी शामिल हैं। वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद ऐसी संपत्तियों पर खतरा मंडराने लगा है। कई सरकारी संपत्तियों को वक्फ बोर्ड ने अपने यहां वक्फ में दर्ज कर लिया है। शासन के निर्देश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने राजस्व विभाग को 3,385 वक्फ संपत्तियों की सूची सौंपी थी। राजस्व कर्मियों ने स्थलीय जांच कर रिपोर्ट तैयार की है। हालांकि, सूची को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

बहेड़ी में सर्वाधिक 554 वक्फ संपत्तियों पर सरकार का स्वामित्व

शासन को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक बहेड़ी तहसील की सर्वाधिक 554 तो फरीदपुर की सबसे कम 146 वक्फ संपत्तियों पर सरकार का स्वामित्व मिला।

सदर तहसील में सबसे ज्यादा 80.827 हेक्टेयर वक्फ संपत्तियां सरकारी हैं। जिले में 1,385 संपत्तियां ही वक्फ की हैं। वक्फ बोर्ड की सूची में दर्ज संपत्तियों के अलावा जिले में 1290 संपत्तियां और हैं।

राजस्व अभिलेखों में इनका कोई विवरण नहीं मिला है। राजस्व विभाग भी इनकी पहचान नहीं कर पा रहा है।

सार्वजनिक उपयोग की जिन जमीनों को वक्फ ने अपने नाम दर्ज किया है, उनकी विस्तृत जांच होगी। डीएम ऐसे मामलों की सुनवाई करेंगे। जिन संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ में दर्ज किया गया है, तय प्रक्रिया अपनाकर उनको वक्फ के दायरे से बाहर किया जा सकेगा।

उधर, जिले की दस शत्रु संपत्तियां भी वक्फ में दर्ज हैं। नियमानुसार सुनवाई के बाद इन्हें इस श्रेणी से हटाया जा सकता है। इनके लिए शासन से निर्देश मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही ने बताया कि शासन की ओर से गजट और रजिस्टर 37 में दर्ज संपत्तियों की जांच कराने के बाद रिपोर्ट भेज दी गई है। शासन के निर्देश पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदु समाज ने 108 कुंडिये महायज्ञ में दी अपनी अहुति

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद।अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ॐ श्री परिवार महानगरके द्वारा 108 कुंडिये दुर्गा सप्तशती महायज्ञ चेयरमैन हाउस में संपन्न हुआ,जिसमें 108 जोड़ों ने माता की आहुति दी और विजय महामंत्र से महायज्ञ संपूर्ण हुआ।

जिसमें 108 जोड़ों ने मां आदि शक्ति दुर्गा स्वरूपा की दुर्गा सप्तशती,दुर्गा कवच,दुर्गा बीज मंत्र,नव दुर्गा बीज मंत्र,21 आहुति गायत्री महामंत्र,21 आहुति वीर हनुमान महामंत्र,13 आहुति विजय महामंत्र से महायज्ञ संपूर्ण हुआ।

यह लोग भी रहे शामिल-इस यज्ञ में डॉ अंकित



अग्रवाल सा पत्नी व परिवार सहित मुख्य यजमान रहे, आचार्य पं पुष्पराज शास्त्री महाराज के मुख से मंत्रोच्चारण करके संपन्न हुआ । यज्ञ में अनार दाना से,लाल चंदन से,सफेद चंदन से, लोबान, पीली सरसों, राई,गुगल,नींबू, पालक,आदि सामग्री के द्वारा यज्ञ किया गया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के क्षेत्र महामंत्री मनोज व्यास, राष्ट्रीय महिला परिषद प्रांत अध्यक्ष वंदना शर्मा,राष्ट्रीय बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना

महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महानगर महामंत्री अमित अग्रवाल, जिला महामंत्री आनंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष पहूऊ देवीलाल प्रजापति, अभिषेक श्रीवास्तव, दिशांत सैनी, इशांक भारद्वाज, अर्पित सक्सेना, विजय शर्मा, प्रियंक शर्मा, दीप खुराना,गंगा सैनी,रमेश प्रजापति,भारतीय जनता पार्टी नेता वरुण शर्मा,विवेक

# एसडीएम ने चटिया फैजू गौशाला का किया निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। एसडीम फरीदपुर ने क्षेत्र में संचालित गौशालाओं की व्यवस्थाओं को परखने के लिए निरीक्षण अभियान की शुरूआत की है।इसी अभियान के तहत एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के गांव चटिया फैजू में बनी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। और गौशाला में व्यवस्थाओं की जांच पड़ताल की। गौशाला में एसडीएम को निरीक्षण के दौरान साफ सफाई न मिलने पर गौशाला संचालक पर कड़ी नारागी जाहिर की। और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नैन अपनी टीम के साथ तहसील क्षेत्र के गांव चटिया फैजू में बनी गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में गायो के लिए हरा चारा भूसा एवं चोकर की जानकारी ली। गायों के रखरखाव एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जांच पड़ताल की। एसडीएम को निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ सफाई न मिलने पर नाराजगी जाहिर की। गौशाला में पानी एवं पर्याप्त रूप से साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने ,बीमार गौवसो के इलाज कराने गर्मी के मौसम में गोवंशों को लू से बचाने के ग्राम प्रधान को विशेष रूप से ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।



# विद्यालय शांति निकेतन इंटर कॉलेज में बच्चों को किया गया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। विद्यालय शांति निकेतन इंटर कॉलेज राम गंगा विहार फेस-1 मुरादाबाद में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

जो विद्यार्थी सम्मानित हुए उसमें प्री नर्सरी की सरण्या, नर्सरी की भव्या, एलकेजी की श्रद्धा, यूकेजी के कार्तिक, पहली की नैना अधिकारी, दूसरी की गुंजन अधिकारी, तीसरी के शिवा सैनी, चौथी के ध्रुव, पांचवी की राजनंदनी, छठी की पलक, सात की तनु शर्मा, आठ के मनीष, नौ (ए) की रूहानिका, नौ (बी) की श्रद्धा अग्रवाल और सोनाक्षी शर्मा, ग्यारह (आर्ट्स) की अनुष्का, ग्यारह (साइंस) की सेबी जहां ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए।



यह लोग उपस्थित रहे-अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र सैनी अतिथि रोहित अग्रवाल, अशोक चोपड़ा, यश ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार त्यागी ने परिणाम घोषित किया मुख्य अतिथि अशोक चोपड़ा एवं रोहित अग्रवाल रहे।

# संपादकीय

## प्रतिकूल परिस्थितियों को अवसर बनाए भारत

पूरी दुनिया को टैरिफ युद्ध की चेतावनी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अब इसे हकीकत बना दिया है। तमाम विकासशील व विकसित देशों के साथ भारत भी इसकी जद में आया है। मौके की नजाकत को समझते हुए भारत ने हालात से समझौता करने का निर्णय किया है। कमोबेश, इसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के मुकाबले लगाए गए टैरिफ को स्वीकार कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा ने अपने-अपने देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने के लिये जवाबी कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत के लिये अच्छी बात यह है कि हमारे मुख्य प्रतिस्पर्धी-चीन, वियतनाम,बांग्लादेश और थाईलैंड पर हम से कहीं अधिक शुल्क लगाया गया है। नई दिल्ली को यह भी उम्मीद है कि वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम चल रहा है, जिसके जरिये घरेलू उद्योग को टैरिफ वृद्धि के दुष्प्रभावों से निपटने में मदद मिल सकती है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिये प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक अवसर मौजूद हैं। इस दौरान भारत को व्यापार करने में आसानी बढ़ाने तथा लाभांश प्राप्त करने के लिये अपने बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा। ध्यान रहे कि ऐसा ही अवसर भारत के सामने तब भी आया था जब कोविड-19 महामारी के चलते चीन के उत्पादन की रफ्तार धीमी हो गई थी। चीन ने ऐसा कदम लंबे समय से चली आ रही जीरो टॉलरेंस की कोविड नीति के चलते उठाया था। जिसके चलते अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को विकल्प तलाशने के लिये प्रेरित किया था। लेकिन भारत इसके बावजूद हालात का ज्यादा लाभ नहीं उठा पाया था। विडंबना ये रही कि वियतनाम और थाईलैंड वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों का अधिकतम लाभ उठाने में भारत से आगे निकल गए। अतीत से सबक लेकर भारत को नई स्थितियों का लाभ उठाने के लिये बेहतर ढंग से तैयार रहना चाहिए। वैसे इन हालात में बहुत कुछ भारत की तुलना में ट्रंप के टैरिफ से अधिक प्रभावित देशों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। इन स्थितियों में एक चिंताजनक संभावना यह भी है कि चीन और वियतनाम जैसे देश पहले से ही अमेरिका के लिये निर्धारित अपने निर्यात को भारत में भेजने की कोशिश कर सकते हैं। जिसमें कम लागत वाले सामानों के जरिये भारतीय बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। भारतीय बाजार तो पहले ही चीन के सस्ते उत्पादों से पटे पड़े हैं। जिससे दोनों देशों में व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच व्यापार में हमारा घाटा 85 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। वैसे चिंता की बात यह भी है कि भारत ने बीजिंग के साथ व्यापार घाटे को कम करने की दिशा में कुछ खास कदम नहीं उठाये हैं। हालांकि, भारत ने कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जरूर लगाई है। इसका मकसद स्वदेशी उत्पादों को पड़ोसी देश के सस्ते आयात से संरक्षण देना ही था। ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से होने वाले नुकसान को कम करने की योजना को लागू करते वक्त इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ चलना होगा कि कहीं चीन भारत को प्रतिस्पर्धा के बाजार में शिकस्त न दे दे। आज जब भारत दुनिया का सबसे अधिक युवाओं वाला देश है तो हमें अपनी श्रमशक्ति के बेहतर उपयोग की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हम कौशल विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें। कुशल कामगारों से हम वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही विदेश निवेश बढ़ाने के साथ ही घरेलू निवेश को गति देने की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। अमेरिका समेत अन्य देशों में जो मंदी की आहट महसूस की जा रही है, उससे हम तभी अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षा दे सकेंगे। निस्संदेह, आने वाले दिनों में यह टैरिफ युद्ध दुनिया में और अधिक विस्तार ले सकता है। भारत को अपने निर्यात को अन्य देशों में बढ़ाने की दिशा में भी सोचना होगा।

# पूर्वोत्तर में सुरक्षा चुनौती को गंभीरता से लेने की जरूरत

> हम बारूद के ढेर पर बैठे हैं, जिसे एक भड़काऊ बयान विस्फोट में बदल सकता है। समुदायों और सरकार के बीच बातचीत की प्रक्रिया शुरूआती दौर में आरंभ नहीं की गई और राज्य सरकार ने जोर-जबरदस्ती वाले तरीकों का इस्तेमाल करना चुना, जो विफल रहा। पूर्वोत्तर में स्थिति संभालने लिए उच्चतम स्तर की राजनीतिक सूझबूझ और राजनीति कौशल की आवश्यकता है। हमें पहले स्थिति को बिगड़ जाने देना और फिर आग बुझाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मैं अन्य राज्यों पर एक नजर डालना चाहूंगा- मिजोरम में लंबे समय से शांति है, लेकिन अब कुछ आशंकित करने वाले संकेत दिखाई देने लगे हैं। जैसा कि मीडिया में बताया गया है कि भारत सरकार ने मिजोरम सरकार से कहा है कि वह म्यांमार से आने वाले रोहिंग्याओं को शरण न दे और उनके लिए शिविर न बनाए।

बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस द्वारा अपनी हालिया चीन यात्रा के दौरान दिया गया बयान देश के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर पड़ोसी देश के मंसूबों को उजागर करता है। दरअसल, चिकन नैक क्षेत्र के खास जिक्र व देश के इस हिस्से में मौजूदा आंतरिक स्थितियों के मुताबिक बहुपक्षीय सुरक्षा रणनीति तय की जानी चाहिये। जिसमें सीमा पर चौकसी तो चाहिये ही, अंदरूनी हालात पर भी उच्चतम स्तर पर नजर रखने और निर्णय लेने की जरूरत है।

आज की मीडिया रिपोर्टों में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस को उद्धृत करते बयान आए हैं, जो उन्होंने कथित तौर पर हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान दिए। उन्होंने बांग्लादेश के अलावा ह्यसेवन सिस्टर्सह्व (हमारे सात पूर्वोत्तर राज्य जिनके पास समुद्र तट नहीं लगता) सहित इस इलाके के विकास की परिकल्पना में इसको चीनी अर्थव्यवस्था और बांग्लादेश के बीच आर्थिक सहयोग का विस्तारित हिस्सा बनाए जाने की बात कही है, जिसमें बांग्लादेश और इसके बंदरगाह मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। इस किस्म की टिप्पणियों के साथ वे ह्यचिकन नेकह्व क्षेत्र (जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर के रूप में भी जाना जाता है) यानी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भूमि की वह संकरी पट्टी जो पूर्वोत्तर के राज्यों को शेष भारत से जोड़ती है, में व्याप्त भौगोलिक परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। यूनुस इस समस्या में एक नया आयाम जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, मुझे यकीन है कि भारत सरकार ने पहले ही इस पर संज्ञान ले लिया होगा और किसी आकस्मिकता से निबटने के लिए रणनीति बनाने में लगी होगी। शेख हसीना शासनकाल के बाद, बांग्लादेश-भारत संबंधों की धुरी का एक दोस्ताना पड़ोसी एवं सहयोगी से बदलकर लगभग बैर वाली स्थिति तक में तब्दील हो जाना उस देश में उभरती राजनीति और पाकिस्तान की आईएसआई




का उस पर प्रभाव दशार्ता है। पाकिस्तान न तो 1971 को भूला है (जब उसने पूर्वी पाकिस्तान खोया था) न ही कश्मीर में अपने असफल प्रयासों को।

यहां मेरा उद्देश्य हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र की अंदरूनी स्थिति को उजागर करना है। आज के अखबारों ने मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का कथित बयान भी छापा है, जिसमें उन्होंने दिवंगत पीए संगमा द्वारा संसद में 2014 में दिए एक भाषण का एक वीडियो साझा किया है, संगमा उसमें कथित तौर पर कुकी लैंड और क्षेत्र में अन्य छोटे-छोटे राज्य बनाने का समर्थन कर रहे हैं। बीरेन सिंह ने कहा कि आज भी मणिपुर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए इसी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि राज्य को अस्थिर किया जा सके। इस बयान पर मेघालय के मुख्यमंत्री और पीए संगमा के बेटे ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने पिता का बचाव किया है। मैंने भविष्य में बांग्लादेश (और पाकिस्तान) की संभावित भूमिका और हमारी अपनी आंतरिक खींचतान (महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोगों द्वारा दिए जा रहे असंयमित बयानों को देखते हुए) को सामने लाने के लिए गहरे उतरकर मनन किया है।

2023 तक और मणिपुर में हिंसा की शुरूआत होने तक, दशकों की अशांति और हिंसा के बाद पूर्वोत्तर में शांति कायम थी। नगालैंड में युद्ध विराम था और असम, अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में निर्वाचित सरकारें थीं। भारत सरकार ने सेना, सुरक्षा बलों और पुलिस की मदद से क्षेत्र में शांति बनाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली में सराहनीय काम किया था। पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच संवाद और एकीकरण में सुधार हुआ और क्षेत्र के लोग पढ़ाई और रोजगार के लिए दूसरे हिस्सों में जाने लगे। पर्यटन भी फलने-फूलने लगा। हालांकि, मणिपुर उच्च न्यायालय के एक फैसले में सिफारिश की गई कि राज्य सरकार को इस क्षेत्र के मुख्य समुदाय मैतेई को अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने के लिए भारत सरकार से कहना चाहिए और इस प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति देनी चाहिए (जिसका एक अर्थ बाहरी लोगों द्वारा पहाड़ी इलाके में भूमि खरीद को खोलना भी निकलता है)। इस फैसले से होने वाले नुकसान की संभावना का अंदाजा लगाते हुए राज्य सरकार को न्यायिक साधनों से इस फैसले को चुनौती देने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए थे (ऐसा वह आसानी से कर सकती थी)। बाहरी लोगों की आमद खुलने की आशंका की वजह से पहाड़ी जनजातियों में अपनी जमीन और पहचान खोने का डर बना और उन्होंने बड़े पैमाने पर प्रतिक्रिया, जो कभी-कभी हिंसक भी थी, व्यक्त की। दुर्भाग्यवश, राज्य स्तर पर इस मामले को ठीक से नहीं संभाला गया और स्थिति को अशांति और हिंसा में बदलने दिया गया। बड़ी संख्या में घाटी वासियों और पहाड़ी लोगों के बीच झड़पें हुईं और पुलिस के शस्त्रागार लूट लिए गए और बहुत से हथियार गायब हो गए (जिनमें से अधिकांश बरामद नहीं हो पाए)। सेना और पी.एम.एफ. का समुचित इस्तेमाल नहीं किया गया और पुलिस भी इसके लिए तैयार नहीं थी। अब किसी तरह शांति बहाल हुई है, लेकिन सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका है और चुप्पी ही एकमात्र संवाद है। पहाड़ी लोग अपनी पुरानी जीवन शैली में वापस नहीं जा पा रहे।

हम बारूद के ढेर पर बैठे हैं, जिसे एक भड़काऊ बयान विस्फोट में बदल सकता है। समुदायों और सरकार के बीच बातचीत की प्रक्रिया शुरूआती दौर में आरंभ नहीं की गई और राज्य सरकार ने जोर-जबरदस्ती वाले तरीकों का इस्तेमाल करना चुना, जो विफल रहा। पूर्वोत्तर में स्थिति संभालने लिए उच्चतम स्तर की राजनीतिक सूझबूझ और राजनीति कौशल की आवश्यकता है। हमें पहले स्थिति को बिगड़ जाने देना और फिर आग बुझाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मैं अन्य राज्यों पर एक नजर डालना चाहूंगा- मिजोरम में लंबे समय से शांति है, लेकिन अब कुछ आशंकित करने वाले संकेत दिखाई देने लगे हैं। जैसा कि मीडिया में बताया गया है कि भारत सरकार ने मिजोरम सरकार से कहा है कि वह म्यांमार से आने वाले रोहिंग्याओं को शरण न दे और उनके लिए शिविर न बनाए। हालांकि, बताया जाता है कि मिजोरम ने फिर भी ऐसे शिविरों की स्थापना कर रखी है। इसी तरह, मिजोरम सरकार से मणिपुरी शरणार्थियों को भी न लेने और शिविर न लगाने की हिदायत दी गई। हालांकि, उसने वहां के लोगों को भी आने दिया और शिविर बना दिए- ये अच्छे संकेत नहीं हैं। मेघालय भी मणिपुर की पहाड़ी जनजातियों के हितों के प्रति सहानुभूति रखता है और नगालैंड भी।

पूर्वोत्तर को अब पुनर्विचार, पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता हैह्वइन राज्यों में सदा ही जनजातीय और धार्मिक आधार पर मतभेद रहे हैं। ये जनजातियां सात राज्यों में फैली हुई हैं और मणिपुर की इन जनजातियों की चिंताएं मेघालय और नगालैंड में भी गूंजती हैं, इसलिए एक राज्य में जो घटित होता है उसका असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ता है। ऐतिहासिक रूप से म्यांमार और मणिपुर एवं मिजोरम के बीच हिंसा नीत संबंध रहा है, शरणार्थी संकट के मद्देनजर इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश इस क्षेत्र में एक खिलाड़ी बनने के लिए बेताब है और उस पर रणनीति बनाते समय चीन को ध्यान में रखना होगा। मणिपुर में संघर्ष के मौजूदा दौर में मणिपुर एवं मिजोरम, दोनों जगह, भूमिगत तत्व सक्रिय हो गए हैं, सीमा पार करने और तस्करी में भी वृद्धि हुई है। भूकंप के बाद म्यांमार से लोगों और भूमिगत तत्वों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। सीमा प्रबंधन में सुधार करना होगा। कुल मिलाकर, पूर्वोत्तर में बाहरी और आंतरिक, दोनों ही स्थितियों पर उच्चतम स्तर पर बारीकी से नजर रखने और निर्णय लेने की आवश्यकता है। इन स्थितियों के नियमित रणनीतिक प्रबंधन को राज्य स्तर पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए क्योंकि उनका नजरिया एक सीमा तक होता है। समय बहुत अहम होता है और ऐसी नीति की आवश्यकता है जिसमें उद्देश्य स्पष्ट हों और उनकी प्राप्ति हेतु रणनीतियों एवं योजनाओं को क्रियान्वित करने के तरीके और साधन निर्धारित हों।

# विकसित भारत के संकल्प के साथ भारत शिक्षा एक्सपो क्रिएथॉन का आयोजन

## नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता के संग विद्यार्थियों ने दिखाया आत्मनिर्भर भारत का रास्ता

मेरठ। विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत शिक्षा एक्सपो 2025 के अंतर्गत ह्यक्रिएथॉनह्व का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता के माध्यम से युवाओं को सक्षम बनाना और उन्हें देश के विकास में भागीदार बनाना है।

मेरठ स्थित एमआईईटी (मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) में आयोजित इस प्री-क्वालिफायर कार्यक्रम में 2000 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक सोच व तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा, एकेटीयू इनोवेशन हब, और एआईसीटीई आइडिया लैब के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, स्टार्टइनयूपी, एमएसएमई मंत्रालय और नीति आयोग का सक्रिय सहयोग रहा।

ह्यक्रिएथॉनह्व के माध्यम से विद्यार्थियों को आइडियाथॉन, कोडाथॉन, हैकाथॉन, स्टार्टथॉन जैसे मंचों पर नवाचार के वास्तविक अवसर मिले। डिजाइन थिंकिंग, रोबोटिक्स, 3डी प्रोटोटाइपिंग और प्रकृति आधारित नवाचार पर आधारित कार्यशालाओं में भाग लेकर विद्यार्थियों ने तकनीक को समाज सेवा से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया। ड्रोन शो, रोबो वॉर, रोबो रेस और रोबो सॉकर जैसे इवेंट्स ने युवाओं के भीतर विज्ञान और तकनीक के प्रति उत्साह को और अधिक प्रज्वलित किया। वहीं प्रोजेक्ट एक्सपो ने यह दिखा दिया कि भारत का युवा अब न केवल सोचता है, बल्कि अपने विचारों को क्रियान्वित करने का माद्दा भी रखता है।

प्री-क्वालिफायर राउंड में चयनित विद्यार्थी अब 24 से 26 अप्रैल 2025 को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले भारत शिक्षा एक्सपो 2025 (सीजन-2) के फाइनल राउंड में प्रतिभाग करेंगे।

इस अवसर पर एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. एस. के. सिंह, डॉ. मुकेश रावत , प्रशांत गुप्ता, विकास श्रीवास्तव , विशी खत्री, मोहिनी प्रीतम सिंह, शिरीन, अभिलाषा जैन, रमेश कुमार और अजय चौधरी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

ह्यक्रिएथॉनह्व विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने और वास्तविक समस्याओं के नवाचारी समाधान खोजने की दिशा में एक प्रभावशाली मंच बनकर उभरा है। यह आयोजन न केवल तकनीकी शिक्षा को नया आयाम देता है, बल्कि नवाचार आधारित आत्मनिर्भर भारत की ओर भी एक मजबूत कदम है। एमआईईटी और एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम नवाचार के इस सफर को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं।

# रोडवेज को मिले 70 चालक, अब एआरएम करेंगे भर्ती

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज) में अब मंडल स्तर पर चालकों की भर्ती नहीं होगी। इसकी जिम्मेदारी अब सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) को दे दी गई है। अब वह अपने स्तर से भर्ती कर सकेंगे।

दरअसल मुरादाबाद मंडल में 200 से अधिक नई बसें आने के बाद चालकों का भारी संकट हो गया था। इसके बाद क्षेत्रीय प्रबंधक ने रिपोर्ट बनाकर शासन स्तर पर भेजी। वहां से 250 चालकों की संविदा पर भर्ती की अनुमति मिल गई। इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधक दफ्तर पर मेला भी लगाया गया। मगर पर्याप्त चालक नहीं पहुंच सके। इसलिए चालकों के भर्ती की जिम्मेदारी एआरएम को दे दी गई है। परिवहन निगम मुरादाबाद के सेवा प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों से कहा गया है। अगर एक या दो चालक भी आ जाते हैं और वह मानकों को पूरा करते हैं तो उनकी भर्ती कर ली जाए।



180 चालकों की और होगी भर्ती- सेवा प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि अभी तक परिवहन निगम मुरादाबाद मंडल में 70 चालकों की भर्ती की जा चुकी है। 180 चालकों की और भर्ती की जानी है। एआरएम स्तर पर यह प्रक्रिया चल रही है।

चालाकों को मिलेगा 2.4 रुपया प्रति किलोमीटर धनराशि-परिवहन निगम में जो चालक भर्ती होंगे। उन्हें 2.4 रुपया प्रति किलोमीटर धनराशि दी जाएगी। अगर वह महीने में 5000 हजार किलोमीटर से अधिक यात्रा करते हैं तो उन्हें इंसेटिंव भी मिलेगा।

भर्ती होने के लिए यह है पात्रता-इच्छुक अभ्यर्थी के लिए शैक्षिक योग्यता न्यूनतम आठवीं पास रखी गई है। न्यूनतम ऊंचाई पांच फुट तीन इंच है। वहीं भारी वाहन चलाने का लाइसेंस दो वर्ष पुराना होना चाहिए। न्यूनतम आयु 23 वर्ष छह माह एवं अधिकतम 58 वर्ष है। साथ ही अभ्यर्थी को नवीनतम पासपोर्ट साइज दो फोटो एवं आधार कार्ड की प्रति लानी अनिवार्य है। इसके अलावा सभी दस्तावेजों में जन्मतिथि एवं पिता का नाम समान होना चाहिए। वहीं, वह अभ्यर्थी प्रतिभाग नहीं कर सकते हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से किसी भ्रष्टाचार, कदाचार आदि के मामलों में निकाला गया हो।

पहले टेस्ट में सफल होने के बाद एक और टेस्ट होगा- प्रथम टेस्ट में सफल होने वाले अभ्यर्थी को द्वितीय टेस्ट के लिए इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड रिसर्च सेंटर वजीराबाद रोड, शहादरा, दिल्ली (लोनी) भेजा जाएगा। द्वितीय टेस्ट में सफल होने वाले अभ्यर्थियों से नियमानुसार अनुबंध कराया जाएगा। इसके अलावा दो हजार रुपये की प्रतिभूति धनराशि जमा कराने एवं प्रशिक्षण दिलाए जाने के बाद बस के संचालन का कार्य दिया जाएगा।

# एमआईईटी में आयोजित हुआ रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025

मेरठ। मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर उन शिक्षकों और शोधकताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने एससीआई और स्कोपस जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित कर संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ए. सी. माथुर (सेवानिवृत्त ग्रुप डायरेक्टर, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, इसरो) और डॉ. शरद चंद्रा शर्मा (पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, इसरो, त्रिवेंद्रम) उपस्थित रहे। उन्होंने शोधकताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और कैंपस डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने भी शोधकताओं को बधाई देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपनी शोध यात्रा को और अधिक व्यापक व उपयोगी बनाएं। इस कार्यक्रम का आयोजन असिस्टेंट डीन (रिसर्च) डॉ. हुसैन मेहदी के नेतृत्व में किया गया, जिनके साथ शिवानी रोहिल्ला ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। डॉ. मेहदी ने अपने संबोधन में कहा कि, यह सम्मान समारोह न केवल शोधकताओं की मेहनत और समर्पण को मान्यता देता है, बल्कि संस्थान में शोध संस्कृति को भी मजबूत करता है। इस अवसर पर कुल 45 से अधिक शोधकताओं को सम्मानित किया गया, जिनकी शोध उपलब्धियाँ न केवल अकादमिक जगत के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान करती हैं।

रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 ने एमआईईटी में शोध और नवाचार को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। संस्थान इस पहल के माध्यम से उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और शोध की संस्कृति को और अधिक सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जुमे की नमाज को लेकर उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने फ्लैग मार्च किया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। शुक्रवार को जुमे की नमाज के उत्पाक्स उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह और प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने जुमे नमाज के मद्देनजर रखते हुए शाहबाद में फ्लैग मार्च किया। यह फ्लेगमार्च शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए की गई थी।इस तरह के फ्लैग मार्च से लोगों में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लेगमार्च किया गया । इस फ्लैग मार्च के दौरान, पुलिस अधिकारियों और जवानों ने कस्बे के विभिन्न हिस्सों में घूमकर लोगों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया और उन्हें शांति बनाए रखने के लिए अपील की।इस अवसर पर, उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि प्रशासन और पुलिस का मकसद लोगों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शांति और सौहार्द के साथ जुमे की नमाज मनाएं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में पुलिस का सहयोग करें क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने भी कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस के जवान तैनात हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और शांति बनाए रखने में मदद करें।



## भाकियू असली ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। भारतीय किसान यूनियन असली (अ) के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रफीक के नेतृत्व में दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वेदराम सिंह यादव अन्य कार्यकताओं ने गुरुवार को खंड विकास कार्यालय पहुंचकर बीडीओ प्रमोद कुमार सिंह को संबधित समस्या का एक ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में गरीब और असहाय लोगों के लिए आवास और अंतोदय राशन कार्ड बनवाए जाने की मांग प्रमुख मांग रखी इसके साथ ही ग्राम पंचायत त्रिवेंद्र मोहन को हटाने की मांग की गई। इस मौके पर भूरे खां आदि मौजूद रहे।



## ढकिया चौकी इंचार्ज की एसपी से की शिकायत

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।ग्राम ओसी थाना शाहबाद जिला रामपुर निवासी अतराज सिंह का ने ढकिया चौकी इंचार्ज पर लगाए मारपीट अभद्र भाषा के आरोप। प्रार्थी ने अवैध खनन के सम्बन्ध में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिस सम्बन्ध में बृहस्पतिवार को समय करीब साय 7 बजे एस०आई० मनोज कुमार का फोन आया और प्रार्थी को प्रधान के घर के पास बुलाया। प्रार्थी एस०आई० मनोज कुमार के पास पहुंचा तो एस०आई० मनोज कुमार प्रार्थी से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गन्दी गन्दी गालियों देने लगा और प्रार्थी को जाति सूचक शब्द कहते हुए बोला कि पुलिस तेरे बाप की नौकर नहीं है दोबारा कोई प्रार्थना पत्र दिया तो साले चमट्ट बहुत पटे मारूँगा जब प्रार्थी ने एस०आई० मनोज कुमार की शिकायत करने की बात कही तो मनोज कुमार आग बबूला हो गया और प्रार्थी को गिराकर लातों व घूसों से मारने लगा और कहने लगा कि अगर कहीं भी कोई शिकायत की तो तुझे जान से मार दूंगा।

## नेशनल प्रेस टाइम्स की खबर का असर

## गड्ढे भरवाने के लिए सड़कों पर उतरे अधिकारी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। शहर के प्रमुख मार्गों समेत कॉलोनियों की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए अधिकारी सड़कों पर उतर आए हैं। बृहस्पतिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र, जनरलगंज व अन्य कॉलोनियों में गड्ढों को भरा गया। बीते दिनों से नेशनल प्रेस टाइम्स में प्रकाशित खबर के बाद चेते अधिकारियों ने यह अभियान चलाया है। बारी-बारी से प्रत्येक जर्जर सड़क की दशा सुधरेगी। शहर के महोली रोड, जनरलगंज से कृष्णापुरी तिराहा, लोहवन बगीची से खाकी बाबा मंदिर तक, जंक्शन रोड, एमवीडीए कार्यालय के बराबर डैंपियर नगर समेत शहर की कई सड़कों की हालत खस्ता है। जर्जर सड़कों के कारण राहगीरों के सड़क हादसे का डर बना रहता है। वर्तमान में सड़कें इतनी जर्जर हैं कि स्मार्ट समझकर सड़क पर सरपट वाहन चलाने की कोशिश करने वाले राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। बीते दिन महाविद्या कॉलोनी में गड्ढे के कारण स्कूटी सवार महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद शहर की जर्जर सड़कों का अभियान चलाया है। बृहस्पतिवार से नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी सड़कों के गड्ढे भरने में जुट गए हैं। पहले दिन जन्मभूमि के आसपास क्षेत्र, महाविद्या कॉलोनी, सदर बाजार क्षेत्र समेत अन्य स्थानों पर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया है कि यह अभियान लगातार चलेगा। पहले दिन कई क्षेत्रों की सड़कों को गड्ढा मुक्ता करा दिया गया है। शुक्रवार को महोली रोड समेत अन्य स्थानों पर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी।

## रिश्वत लेने की आरोपी मथुरा की पूर्व DPRO को मिली हाईकोर्ट से जमानत





मथुरा । रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित डीपीआरओ किरन चौधरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से गुरुवार को जमानत मिल गई है। निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद डीपीआरओ ने हाईकोर्ट का रुख किया था। और गुरुवार को डीपीआरओ को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। बता दें कि बीते 4 फरवरी को मथुरा की डीपीआरओ किरन चौधरी को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उनके साथ सेवानिवृत चालक बिजेन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार करने के बाद दोनों को भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय मेरठ में पेश किया गया था। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। इसके बाद किरन चौधरी की ओर से भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय मेरठ में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। और अब उन्होंने जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी लगाई। आज सुनवाई के बाद निलंबित डीपीआरओ किरन चौधरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।

## श्मशान को बना दिया गेहूं भंडारण स्थल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




मथुरा। सौंख स्थित कुम्हेर मार्ग के समीप अनाज मंडी स्थल है। यहां करीब दो दर्जन अनाज की दुकानें हैं। इसके बाद भी कुछ आढ़तियों ने गेहूं खरीदकर मंडी समिति के सामने स्थित श्मशान स्थल एकत्र कर लिया। हाल यह हो गए कि यदि किसी की मौत हो जाती तो अंत्येष्टि भी न हो पाती।बृहस्पतिवार शाम 6 बजे एसडीएम के आदेश पर राजस्व निरीक्षक सतीश चंद, लेखपाल ओमवीर सिंह मय पुलिस फोर्स पहुंचे। मंडी निरीक्षक मनवीर सिंह ने गेहूं के ढेर व भरी बोरियों को कब्जे में ले लिया। श्मशान स्थल में गेहूं की बोरियां रखीं मिलीं। आलोक सिंह , सीओ ,गोवर्धन ने बताया मौके से आढ़तिया व मजदूर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। श्मशान स्थल पर राजस्व टीम व पुलिस के पहुंचते ही भगदड़ मच गई। सूचना पर नगर पंचायत चेयरमैन योगेश लंबरदार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, आढ़तिया संघ के अध्यक्ष संजय बंसल भी पहुंच गए। चेयरमैन ने बताया कि आढ़तिया को नोटिस देकर जबाव मांगा जाएगा।

जबाव के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। नीलम श्रीवास्तव, एसडीएम, गोवर्धन ने कहा, अनाज मंडी के आढ़तिया ने किसान से गेहूं खरीदकर श्मशान स्थल में रखवा दिया। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आढ़तिया के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्रि के छटे दिन बुंदेली भजन सुनकर झूठे श्रोता

## टहरौली की बडी माता मंदिर पर आयोजित भजन संध्या में बृजेश कुमार ने दी एक बढकर एक प्रस्तुति

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



टहरौली – कस्बा की बडी माता मंदिर प्रांगण में नवरात्रि के छठवें दिवस भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें चिरगांव से आये संगीताचार्य बृजेश कुमार एवं कुमारी अनन्या ने बुन्देली भाषा में धार्मिक भजन एवं गजल गाकर उपस्थित भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया।

बडी माता मंदिर में पूजा आरती करने के बाद गायक बृजेश कुमार ने कृपा रइयो तनक करें मइया तौरे पांव परें गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की, इसके पहले आयोजन समिति द्वारा कलाकारों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

इसके बाद मौरी चढ गई रे पक्यात, शिवजी की बारात खों सज गये भूत लगा कें टाई कैरय मारूति नई आई, सुनों विनय लंगुर महाराज, दर्शन करवा दो मइया के, भस्मासुर जो का कर रऔ कायरे हाथ हमई पे धर दओ, परों कैरय ते दादा बाई सें करकें वादा मोंडा को करने ब्याव जेठ में के अलावा साथ छूटेगा कैसे मेरा आपका गजल प्रस्तुत की। कुमारी अनन्या ने तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, अम्बे जगदम्बे काली भजन गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। बुन्देली बोली में गाये गये भजनों को सुनकर मौजूद सभी श्रोतागण मस्ती में झूम उठे और पंडाल जय माता दी के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिनेश परिहार, प्रधान टहरौली अमित जैन, सुखलाल कुशवाहा, रिंकू दीक्षित,रामकुमार सोनी, नरोत्तम शर्मा, अशोक सोनी, दीपक दुबे, रविन्द्र सोनी, अवध बंकर, रामदीन नामदेव, लोकोश शर्मा, राजू गुप्ता, पंकज शर्मा, टिंकू यादव,मेजर चौहान, जीतू चौहान, सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## स्कूलों का हाल जानने पहुंचीं एसडीएम सदर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। एसडीएम सदर निशा ने दो विद्यालयों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों के शैक्षिक स्तर को परखने के साथ ही मिड-डे-मील की गुणवत्ता भी जांची। उन्होंने शिक्षकों को अधिक से अधिक नामांकन कराने के निर्देश दिए।एसडीएम सदर सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद पहुंचीं। यहां उपस्थिति रजिस्टर चेक कर हकीकत जानने का प्रयास किया। साथ ही बच्चों के लिए बनाए जा रहे मिड-डे-मील को चेक करने के साथ ही गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी वर्णमाला और गणित के सवाल पूछकर शिक्षा का स्तर परखा। उन्होंने बच्चों को साबुन या हैंडवॉश से हाथ धोने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षकों को अधिक से अधिक बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के निर्देश दिए। इसके बाद वह आचार्य चरण महाप्रभु श्रीमद वल्लभ उत्कर्मिक माध्यमिक विद्यालय पहुंचीं। उन्होंने स्कूल परिसर के आसपास साफ सफाई का जायजा लिया।

विद्यालय परिसर में बने शौचालयों को देखा और दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था भी देखी।

## बरसाना में लाडलीजी मंदिर का सेवाधिकारी बनकर हड़पे 1लाख 31 हजार रुपये

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। बरसाना में विश्व विख्यात लाडलीजी मंदिर के सेवायत ने मंदिर का मुख्य सेवाधिकारी बनकर मुंबई के श्रद्धालु से 1.31 लाख रुपये हड़प लिए। इस संबंध में मंदिर रिसीवर समिति ने पुलिस से शिकायत की है। रिसीवर समिति के सदस्य यज्ञपुरुष गोस्वामी ने बताया कि एक सेवायत ने मुंबई निवासी आनंद मूर्ति को मंदिर का मुख्य सेवाधिकारी बताया। सेवायत ने विशेष पूजा, फूल बंगला, पोशाक सेवा, 101 ब्राह्मणों का प्रसाद और भेंट न्योछावर के नाम पर 1 लाख 31 हजार 800 रुपये ऐंठ लिए। इसकी शिकायत रिसीवर समिति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व उच्चधिकारियों से की है। रिसीवर समिति के सदस्य ने बताया कि आरोपी ने मंदिर के नाम से गूगल-पे अकाउंट भी बना रखा है। इसके जरिए मंदिर के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। बिना रिसीवर समिति की अनुमति से हैदराबाद के एक व्यक्ति के साथ मिलकर मंदिर की बिजली व पानी की सप्लाई में अवैध कट लगाकर मंदिर प्रांगण में फॉग सिस्टम लगा दिया। जिससे बिजली के उपकरण फुंकने का भी डर बन गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लोग एक कमरे में जबरन घुस रहे हैं और कुछ सामान लेकर निकले है। एक और एक व्यक्ति उन्हें रोक रहा है। आरोपी सेवायत के भाई का आचरण मंदिर की व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## ग्राम नसरत नगर ढाकिया के पास PDA की पंचायत का आयोजन



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहाबाद। विधानसभा 38 मिलक शाहाबाद के ग्राम नसरत नगर ढाकिया के पास ढऊअ की पंचायत का आयोजन किया गया जिसके के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव रामहादुर सागर समाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर वहिनी के मौजूद रहे ढऊअ पंचायत का संचालन विनय कुमार जी ने किया राम बहादुर सागर जी ने बताया कि आज जो समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री मौजूदा सांसद जी ने र्स्रा का फामूर्ला दिया है इससे बढ़कर कोई फामूर्ला नहीं हो सकता इस फामूर्ले से सभी को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाएगा आज की जो सरकार है बहुत गलत मानसिकता की है हिंदू मुस्लिम को लड़ने की मानसिकता की है दलित विरोधी मानसिकता की है आए दिन क्राइम हो रहा है सरकार का कोई अंकुश नहीं है सरकार सिर्फ और सिर्फ हिंदू मुस्लिम करने में लगी है जो बिल की जरूरत नहीं होती है वह बिल बैक साइड से पास कर लेती है और लोगों में लड़ाई का काम करती है यह बिल पास करने सरकार की नाकामियों को छुपाने का काम है सरकार से कोई काम नहीं होता तो कोई चुप करके एक ऐसा बिल देती है जिससे पूरी जनता पूरा देश इस पर लग जाता है और अपनी मूलभूत सुविधाओं के भूल जाता है सरकारी तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है जनता सत्ता परिवर्तन चाहती है जो की बहुत जरूरी है मीटिंग में मौजूद रहे लोग विनय कुमार सागर धर्मेंद्र कुमार सागर राजू सागर विनोद सागर कार्तिक सागर मुकेश सागर धर्मवीर सागर लालाराम सागर अंकित सागर रविंद्र सागर अन्य लोग मौजूद रहे।

## वकफ संशोधन बिल के पारित होने के मद्दे नजर नगर में पुलिस ने की गश्त



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहाबाद, शुक्रवार केंद्र सरकार द्वारा वकफ संशोधन बिल के पारित कराये जाने के मद्दे नजर आज नगर में पुलिस द्वारा गश्त की गयी सतर्कता बर्तते हुऐ आज जुमे की नमाज से पहले पुलिस क्षेत्राधिकारी सुश्री हर्षिता सिंह वा कोतवाल पंकज पंत के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ ये गश्त कोतवाली से शुरू होकर मेन मार्किट, बजरंग चौक, स्टेट बैंक, बिलारी तिराहा होते हुऐ रामपुर चौराहे तक पुहंचा पैदल गश्त का उद्देश्य सतर्कता वा शांति बनाये रखना था नगर की सभी मस्जिदों पर लगभग पुलिस की तैनाती की गई थी मस्जिदों पर वा आसपास पुलिस मुस्तेद रही बहुत शांति वा सौहार्द पूढ़ माहौल में जुमे की नमाज अदा की गई

# पुलिस ने लिया दंगा नियंत्रण ड्रिल के पूर्वाभ्यास का जायजा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने शुक्रवार को परेड की सलामी ली। इस दौरान आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित तथा भयमुक्त वातावरण बनाने के दृष्टिगत पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया।

दंगा नियंत्रण ड्रिल के पूर्वाभ्यास में प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण ने ड्रिल की 10 पार्टियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आर्मोरर ने एण्टी राइड गन, गैस गन एवं पम्प एक्शन गन को



हैण्डल करने एवं प्रयोग करने के सम्बन्ध में बताया। इसी प्रकार विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, अश्रु गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर स्मॉक गन (गैस गन), हैंड ग्रेनेड, सैल आदि के प्रयोग का पूर्वाभ्यास भी किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान दंगाइयों व बलवाइयों पर प्रयोग करने वाले एंटी राइट गन, टीयर स्मॉक गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं इनके प्रयोग करने के तरीके के बारे में अवगत कराया। इस दौरान एसपी ने दंगा नियंत्रण ड्रिल का निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बाल्मीकि आश्रम और कर्वी पुल घाट में हुआ वृक्षारोपण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र माह नवरात्रि के अवसर पर शक्ति वाटिका आस्था एवं हरियाली स्थापना के क्रम में शुक्रवार को रैपुरा रेंज स्थित बाल्मीकि आश्रम एवं कर्वी रेंज स्थित शिव मंदिर पुल घाट पुरानी बाजार में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व व प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्युष कुमार कटियार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बाल्मीकी आश्रम रैपुरा रेंज में मंहत भरतदास तथा विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने पौधरोपण किया। इस दौरान समाजसेवी डॉ प्रभाकर सिंह ने कहा कि पौधरोपण केवल एक



पर्यावरणीय कार्य नहीं, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। नववर्ष के शुभारंभ पर हरियाली की यह पहल प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में एक छोटा, किंतु महत्वपूर्ण प्रयास है। इसी प्रकार कर्वी रेंज के अंतर्गत पुल घाट क्षेत्र में जिला गंगा समिति के सदस्य अजीत कुमार सिंह ने पौध रोपण किया।

इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता, वन दरोगा रामऔतार, शिवा, अजय कुमार, करिश्मा, वन रक्षक अभय प्रताप सिंह, लवलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गौमाताओं को 108 व्यंजनों का भोग लगा श्री सदगुरू गौ सेवा केंद्र का वार्षिकोत्सव संपन्न

चित्रकूट ब्यूरोः श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत जानकीकुंड में संचालित श्री सद्गुरु गौ सेवा केंद्र का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया। जिसमें गौमाताओं की आरती व पूजन कर 108 व्यंजनों का भोग लगाया गया।

कार्यक्रम में गौसेवा केन्द्र की संचालिका ऊषा जैन ने कहा कि श्री सदगुरु गौ सेवा केंद्र विगत 28 वर्षों से गौमाता की सेवा में समर्पित है। यह केंद्र असहाय, बीमार और बेसहारा गौमाताओं की सेवा के लिए स्थापित किया गया था और आज यहां 1200 से अधिक गौमाताएं निवास कर रही हैं, जिनकी देखभाल, पोषण और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जाती है। बताया कि इस केंद्र की स्थापना 1998 में स्व अरविंद भाई मफतलाल की प्रेरणा से की गई थी। ट्रस्ट द्वारा गौ सेवा को पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता से जोड़ा गया है,



जिससे यह गौशाला न केवल गौमाताओं का आश्रय स्थल बनी है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी कार्य कर रही है। ट्रस्ट द्वारा गौ-काष्ठ और गौ-आधारित उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्रीरामकथा वाचक उमाशंकर महराज ने कहा कि गौ सेवा सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण अंग है और भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है। कहा कि गौ माता की सेवा करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कार्यक्रम के दौरान गौशाला के समर्पित कार्यकताओं एवं गौपालकों की सेवा भावना की सराहना की गई, जो हर परिस्थिति में गौ माता की सेवा में तत्पर रहते हैं। गौसेवा केन्द्र की संचालिका ने सभी गौभक्तों से आह्वान किया कि वे गौ माता की रक्षा एवं सेवा के लिए आगे आएं और इस पुण्य कार्य को अपनी अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प लें।

इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी विशद भाई, रूपल बेन, डॉ बीके जैन, डॉ इलेश जैन, मिलोनी बेन, दमयंती बेन, रमा बेन, भारती बेन, जोबनपुत्रा, डॉ विष्णु, मनोज, रघु आदि मौजूद रहे।

# प्रभागीय वनाधिकारी ने आम जनमानस से की जंगलों को आग से बचाने की अपील

चित्रकूट ब्यूरोः उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व व प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार ने आमजनमानस से अपील की है कि वनों को आग लगने से बचाने के लिए आग लगने की सूचना दे व आग बुझाने में अग्निशमन दलों व वनरक्षक का सहयोग करें।

उन्होंने अपील की कि वनों के निकट खेतों के कृषि अपशिष्ट को दहन करते समय सतर्कता बरतें। साथ ही दहन के बाद आग बुझाएं। कहा कि वनों से जाने वाली सड़कों के किनारे खाना बनाने आदि के लिए आग न जलाएं। कहा कि वनों या उसके आसपास चरवाहें एवं राहगीरों धूम्रपान न करें तथा न ही दियासलाई का प्रयोग करें। कहा कि वन क्षेत्र से शहद, महुआ के फूल सहित अन्य वन उत्पाद के संग्रहण के लिए आग का प्रयोग न करें। कहा कि अवांछनीय व असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर वन क्षेत्र में आग लगाये जाने पर उनकी गिरफ्तारी के लिए वन विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारियों का सहयोग करें। बताया कि वाहनों में सफर करते समय यात्रियों द्वारा धूम्रपान कर लापरवाही से जलती हुई बीड़ी, सिगरेट के टुकड़े व दियासलाई की तीली बाहर फेंकने से वनों में आग लग सकती है। अतः यात्रा करते समय ऐसा न करें। कहा कि वनों में आग लगाने वालों पर भारतीय वन अधिनियम की सम्बन्धित धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। कहा कि वनों में आग लगने पर तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दें।

# एसपी ने अपराध एवं कानून व्यवस्था के संबंध में की ऑनलाइन मीटिंग

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा Google Meet के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा/चौकी प्रभारियों आदि के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में मीटिंग कर, वक्फ बिल /जुम्मे की नमाज तथा उर्स मेला के सम्बन्ध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वक्फ बिल के दृष्टिगत जनपद में विरोध प्रदर्शन की सम्भावना के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार समुचित पुलिसबल सुरक्षा प्रबन्ध किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विशेष सुमदाय के विभिन्न संगठनों/पदाधिकारियों द्वारा किए जाने वाले विरोध प्रदर्शन, अफवाहों एवं भ्रामक प्रचार-प्रसार रोकने के दृष्टिगत उनके धर्म गुरुओं के साथ सकारात्मक विचार विमर्श हेतु गोष्ठी करने हेतु निर्देशित किया गया ।वक्फ बिल/जुम्मे की नमाज तथा उर्स मेला के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति व कानून- व्यवस्था बनाये रखने हेतु, अराजकतत्वों की सतत रूप से कड़ी निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने आदि के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए समस्त क्षेत्राधिकारियों/ थाना प्रभारियों को मिश्रित एवं भीड़-भाड़ आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन पैदल गस्त करने तथा पैदल गस्त की फोटों ऑनलाइन पोर्टल पर समय से फीड करने के लिए निर्देशित किया गया ।

# कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता



चित्रकूट ब्यूरोः धर्मनगरी स्थित निर्मोही अखाड़ा में 114 वर्षीय संकीर्तन महायज्ञ समिति के 56वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर चल रहे मानस महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में शुक्रवार को पानीपत हरियाणा के कथा वाचक लालमणि पाण्डेय ने भगवान और भक्त का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भक्त के प्रेम में भगवान बंध जाते है।

शुक्रवार को हुई कथा में कथा वाचक ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग भी सुनाया। बताया कि जब भगवान शंकर दुल्हा बने तो वह सर पर जटा का मुकुट, मुकुट के ऊपर सर्प, कानों में छोटे-छोटे सर्पों के कुंडल, हाथों में सर्पों के कंगन धारण कर जब वह बारात सहित राजा हिमांचल के दरवाजे पहुंचे, तो उनका तिलक करने आईं माता पार्वती की मां मैना देवी भगवान शंकर का यह रूप देखकर वह अंदर चली जाती है और देवऋषि नारद को कोसने लगती है कि उन्होंने उनकी बेटी के लिए कैसा दुल्हा खोजा है। बात बिगड़ती देख देवऋषि नारद ने सप्त ऋषियों और राजा हिमांचल को साथ लेकर माता मैना देवी के पास पहुंचे और उन्हें समझाया, तब जाकर विवाह संपन्न हुआ। शिव-पार्वती विवाह की कथा सुन सभी श्रोता भाव विभोर हो गए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुलह से समाप्त कराया मुकदमा



चित्रकूट ब्यूरोः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शुक्रवार को मध्यस्थता केन्द्र में आए एक मामले को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि मध्यस्थता केन्द्र में जमीला बानो ने महिला थाना की में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। जिसके मध्यस्थ अधिवक्ता चुनकूराम पाल ने इस मामले को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने के लिए पत्रावली दी थी। जिसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के समक्ष दोनों पक्षों के साथ वार्ता कर सुलहनामा दाखिल करते हुए सुलह-समझौते के आधार पर मामले का निस्तारण किया गया।

इसी क्रम में प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आगामी पांच मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु शनिवार को जिले के नोडल अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिये परिचर्चा की जायेगी।

## पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी नामित

चित्रकूट ब्यूरोः अधिशासी अभियंता आशीष कुमार भारती ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर सहायक अभियन्ताओं एवं जूनियर इंजीनियरों को नामित किया गया है। जो पेयजल से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण करेंगे। बताया कि नामित किए गए सहायक अभियंताओं व जूनियर इंजीनियरों में विकासखण्ड कर्वी एवं पहाडी के नोडल अधिकारी में शोभित गुप्ता व जय नारायण तिवारी तथा विकासखंड मानिकपुर-मऊ एवं रामनगर के नोडल अधिकारी में गुलाम सिबतैन, नित्यानन्द गुप्ता शामिल है। बताया कि यह अधिकारी पेयजल से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित करते हुए सम्बन्धित सूचना प्रतिदिन ससमय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराएंगे तथा सूचना विलम्ब से प्रेषित होने की दशा में सम्बन्धित नोडल अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

## 30 अप्रैल तक करा लें ई-केवाईसी

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूटः जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच्छादित प्रदेश के समस्त राशनकार्ड धारक अपने राशनकार्ड से सम्बन्धित समस्त सदस्यों की ई-केवाईसी अपने उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर आगामी 30 अप्रैल तक अवश्य करा लें। कहा कि ऐसे कार्डधारक जिन्होंने अपने राशनकार्ड के समस्त सदस्यों की ई-केवाईसी अब तक नहीं कराई है, वह 30 अप्रैल से पूर्व अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करा लें, अन्यथा उनकी यूनिट डिलीट होने की स्थिति में सम्बन्धित राशनकार्ड धारक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा।

## लक्ष्मीपुरा में नियम विरुद्ध तरीके से चलाई जा रही देशी शराब की दुकान

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर रावतयाना मवेशी बाजार के लिए आबंटित देशी शराब की दुकान को नियम विरुद्ध तरीके से लक्ष्मीपुरा में संचालित किया जा रहा है, जिसको हटाए जाने को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन व वार्ड नम्बर 24 लक्ष्मीपुरा के पार्षद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।

एक और शहर के सुंदरीकरण हेतु शहजाद नदी पर गैवियन वाल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसका निरीक्षण हाल ही में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया था और उनका प्रभास है कि कि गैवियन वॉल के बाद नदी का सुंदरीकरण कार्य भी कराया जायेगा, जिससे लोगों को यहां मनोरम वातावरण उपलब्ध हो। लेकिन आबकारी विभाग उनकी इस योजना के विपरीत कार्य कर रहा है और शराबियों का जमावड़ा लगवाने के लिए तत्पर दिख रहा है। नगर के मोहल्ला रावतयाना क्षेत्र में आंबटित हुई देशी शराब की दुकान को नियम विरुद्ध तरीके मोहल्ला लक्ष्मीपुरा में खोल दी है। इसी शराब की दुकान के थोड़े आगे एक अस्पताल मरीजों के साथ तीमारदारों का आना जाना रहता है, ऐसे में यहा शराब की दुकान पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। साथ ही शराब की दुकान के बगल में

ही सागर पाली महरौनी की तरफ जाने के लिए टैक्सी स्टैंड है जहां छात्राओं, महलाओ का अक्सर यहां के शराबियो से झगड़ा होता रहता है। जिस स्थान पर देशी शराब की दुकान खोली गई है उसके बगल में शिव मंदिर है जबकि धार्मिक स्थानों के पास शराब की दुकान खोला जाना नियम विरुद्ध है। दुकान शहजाद नदी पुल के बगल में ही है जबकि इस स्थान पर अक्सर धार्मिक कार्य किए जाते रहते हैं। थोड़े आगे सरकारी प्राथमिक विद्यालय भी है और विद्यालय के निकटतम स्थान पर शराब की दुकान खोला जाना नियम विरुद्ध है। जिसको लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन व वार्ड नम्बर 24 लक्ष्मीपुरा के पार्षद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर उक्त देशी शराब की दुकान को लक्ष्मीपुरा से हटाकर उसके आबंटित स्थान पर खोले जाने की मांग की है

# पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

### रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में किसी भी आकस्मिक परिस्थिति,दंगा, बलवा आदि से निपटने व नियंत्रण हेतु बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर । ललितपुर आज दिनांक 04.04.2025 को पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया । अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़) को तितर-बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा-नियंत्रण उपकरण अश्रु गैस के गोले, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड,डाई मार्कर, रबर बुलेट गन,एंटी राइट गन व टीयर गैस गन आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया ।

बलवा ड्रिल के रिहर्सल के दौरान 09 पार्टियां क्रमशः 1. छक्व 2. सिविल पुलिस 3. फायर सर्विस 4. अश्रु गैस 5. लाठी पार्टी 6. फायर पार्टी 7. फर्स्ट एड 8. फोटो एवं वीडियो ग्राफी 09. रिजर्व पार्टी का गठन कर रिहर्सल कराया गया । दंगा-नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस



का क्रमवार प्रशिक्षण एवं अभ्यास किया गया ।

तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा उसमें कार्यरत अधि0/ कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें ।

परेड में शामिल पुलिस अधिक/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया ।

डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार,बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये ।

आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधि0/कर्म0गण के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार,क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

## ब्लॉक कांग्रेस बूंदी की संगठनात्मक बैठक संपन्न

# डरो मत, घबराओ मत पूरी कांग्रेस आपके साथ है - विधानसभा प्रभारी

**ब्यूरो -एनपीटी**

बूंदी! ब्लॉक कांग्रेस बूंदी की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई! ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा ने बताया की राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बूंदी की संगठनात्मक बैठक निजी रिजॉर्ट शिवम मैरिज गार्डन में संपन्न हुई। जिसमें बूंदी विधानसभा प्रभारी आशीष शर्मा, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व विधायक एवं कोटा बूंदी लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, पूर्व विधायक ममता शर्मा, पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, समृद्ध शर्मा, संदीप पुरोहित, शैलेश सोनी चर्मश शर्मा अतिथि रहे। बैठक में बूंदी विधानसभा प्रभारी आशीष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कि इस बैठक का उद्देश्य हर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जागरुक करके संगठन को और अधिक मजबूत करने का है। यह पल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन की लड़के एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की है। हर विधानसभा में हर ब्लॉक एवं प्रत्येक मंडल की बैठक की जा रही है। जिससे हर कांग्रेस का कार्यकर्ता सीधा संगठन से जुड़ रहा है और अपनी बात रख पाता है। किसी भी कांग्रेस कार्यकताओं को



डरने की और घबराने की जरूरत नहीं है पूरी कांग्रेस आपके साथ है।

**संगठित रहकर जनता की आवाज को उठाते रहे – हरिमोहन शर्मा**

बैठक में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा की यह बैठक आप सबको अपनी बात रखने का मौका देने के उद्देश्य से रखी गई है। आप सत्य निष्ठा से अपना कार्य करते रहे। पार्टी का पूरा ध्यान हर कांग्रेस कार्यकर्ता पर है। हम सब संगठित रहकर जनता की आवाज उठाते रहे।

**देश का लोकतंत्र खतरे में है - प्रहलाद गुंजल**

बैठक में पूर्व विधायक व लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने कहा कि इस देश में धीरे-धीरे लोकतंत्र खत्म हो रहा है। चुनिंदा लोग अपने फायदे के लिए इस देश को निरंतर बेच रहे हैं। आप और हम सबको एकत्रित रहकर विरोध करना होगा, सड़कों पर उतरना होगा। क्योंकि जिस देश में विरोध नहीं होता है वहां लोकतंत्र नहीं होता है।

**प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है – सत्येश शर्मा**

बैठक में पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है चाहे वह बूथ अध्यक्ष हो, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक या मंडल की कार्यकारिणी का सदस्य हो। इस बैठक का उद्देश्य यही की हर कार्यकर्ता संगठन से जुड़ रहे। बैठक में पूर्व विधायक ममता शर्मा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा जिलाअध्यक्ष निशांत नुवाल, पीसीसी सदस्य समृद्ध शर्मा, संदीप पुरोहित, चर्मश शर्मा व शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, संगठन महामंत्री करण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनवीर सिंह, राकेश मीणा, राम कैलाश नागर, महावीर गुर्जर, अशोक जैन, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा ने संबोधित किया!

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकरण मीणा ने सभी का धन्यवाद आभार प्रकट किया और बैठक का संचालन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम मीणा ने किया।

बैठक में सेवादल पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, जिलाअध्यक्ष राजकुमार सैनी, वरिष्ठ वार्ड पार्षद टीकम जैन, उपसभापति लटूर भाई, वार्ड पार्षद ममता शर्मा, आकांक्षा किराड, समीर भाई, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, हेमंत वर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शंकर बैरवा, कन्हैया लाल, कांग्रेस कार्यकर्ता बृजमोहन यादव, इश्तियाक अली, हारून खान, रिंकू पठान, लोकेश मीणा, शिवम गुर्जर, दिव्याशु वशिष्ठ सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे!!

# बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को कराया योगाभ्यास

**ब्यूरो -एनपीटी**

बूंदी 4 मार्च 2025 जिला बैडमिंटन संघ के चल रहे निशुल्क बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में जिला बैडमिंटन के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने बच्चों को योग करवाकर योग के महत्व के बारे में बताया।

शिविर के मुख्य कोच मुकेश दाधीच ने बताया कि 28 मार्च से नियमित चल रहे इस शिविर में बच्चों की संख्या नियमित रूप बढ़ रही है जो अब 45 करीबन हो गई है इस कारण से 1 घंटे का समय कम लग रहा है फिर भी बच्चों को मैदान में उतरने से पहले वर्कआउट कराया जाता है फिर खेल के बेसिक बताए



जाते है, रेकिट से शटल चलना, वाल प्रैक्टिस ,ग्राउंड में 5-5 प्रैक्टिस कराई जाती है। नएपन के लिए बच्चों को आज योग की अनुभूति करवाई गई है।

सहायक कोच आशीष गुप्ता ने बताया इस अवसर परआदित्य मंडोवरा, प्रहिता शर्मा ,भव्य माहेश्वरी, अरनव गुप्ता, वामिका यादव, प्रतिज्ञा यादव, हेमंत पांचाल, वेदांत पांचाल, संस्कृति हाडा, प्रत्यूषा श्रृंगी, हर्ष दाधीच सहित प्रोफेसर यादव कई अभिभावक मौजूद रहे।

# मां शाकंभरी के दरबार में चैत्र नवरात्रा महोत्सव का आयोजन

## माँ शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम के तत्वाधान में किया जा रहा है महोत्सव

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकराय धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रा महोत्सव का आयोजन माँ शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम रजी. के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन मां शाकंभरी की असीम कृपा और महंत दयानाथ महाराज के आशीर्वाद से समिति भक्तों के द्वारा किया जाता है।

नवरात्र के प्रतिदिन माता को समिति भक्तों के द्वारा हल्वा पूड़ी का भोग लगाया जाता है उसके साथ फ्रूट सवामणि का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया जाता है। समिति के द्वारा इस बार नवरात्र महोत्सव के महाअष्टमी और महानवमी के दिन मैया के दरबार में भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही समिति के द्वारा मैया को घी,तेल, चुनरी, पोशाक, सुहाग का सामान, ड्राईफ्रूट और हरी



सब्जी आदि अर्पित किया जाएगा तत्पश्चात समिति के द्वारा कन्या पूजन किया जाएगा। समिति की कोर कमेटी ने बताया कि इस बार नवरात्र में देश-विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु जात - जडूला और धोक लगाने के लिए मैया के दरबार आ रहे हैं।

# माता रानी के जागरण में झूमे श्रद्धालु



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-। शहर की पुरानी आबादी खैरथल गांव स्थित प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर में नवरात्रे के उपलक्ष्य में गुरुवार रात्रि को माता के जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर के महंत पुरषोत्तम पुरी गोस्वामी,संजयपुरी गोस्वामी व महंत मिरपुरी गोस्वामी, काशीपुरी गोस्वामी ने विधि विधान से माता की पूजा अर्चना कर जागरण का शुभारंभ किया। मध्य रात्रि तक आयोजित जागरण में महंत पुरषोत्तम पुरी गोस्वामी ने गणेश वंदना से भजनों की शुरूआत की। इसके बाद भजन गायक भीष्म माखीजा ने आ माँ आ मुझे तेरा सहारा, राजकुमार दादवानी ने माँ शेरावाली तेरा शेर आ गया,भक्त किशोर माखीजा, भगवानदास चंदानी ने जय जय माँ हिंगलाज माता आदि भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। नवरात्रों के उपलक्ष्य में मंदिर में अलौकिक श्रृंगार कर माता का दरबार सजाया गया एवं माता को 56 भोग प्रसाद का भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से मध्यरात्रि को प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान मुरलीधर तीथार्नी,पीताम्बरदास तीथार्नी,दिनेश माखीजा, रामचंद्र खतनानी,आकाश चेतवानी, पुरुषोत्तमदास काया सोनी,बंटी लालवानी,गब्बुपुरी गोस्वामी, शीतल माखीजा,राजकुमार दादवानी, भीष्म माखीजा, पुरुषोत्तमदास बसरानी, हुंदाली सोनी, किशोर माखीजा,कृष्णा सोनी, प्रदीप गुरनानी, वासदेव चेतवानी,नरेश लालवानी, मुरली माखीजा,सुरेश भावनानी, ललित, कमल सहित मातृशक्ति मौजूद रही।

# झुंझुनू में राष्ट्रीय कुम्हार महासभा का सम्मेलन 27 को



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा का सम्मेलन 27 अप्रैल को कुम्हारों की बगीची पीपली चौक झुंझुनूं में आयोजित होगा। शुक्रवार को राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के जिला अध्यक्ष श्रीराम गुरी, चिरंजी लाल कुमावत, आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी, काजड़ा सरपंच मंजू तंवर, राधेश्याम कुमावत सिंगोठिया, मनजीत सिंह तंवर आदि गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में पम्पलेट का विमोचन करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार का कार्य शुरू किया। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के जिलाध्यक्ष श्रीराम गुरी ने बताया कि 27 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले सम्मेलन में समाज के राजनेता, समाजसेवी, अधिकारी व कर्मचारी, बुद्धिजीवी, संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग भाग लेंगे। सम्मेलन में शिक्षा, संगठन व राजनीतिक भागीदारी पर विशेष चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर श्रवण कुमार राज्योरा, बनवारी लाल सिंगाठिया, सुल्तान खाटीवाल, भागीरथमल लोवाड़िया, मोहर सिंह खाटीवाल, रामेश्वर लाल, रघुवीर, प्रभु खाटीवाल आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर भजनलाल सरकार सख्त

## जिला कलेक्टरों को खनन माफिया पर कड़ी कार्रवाई के सख्त निर्देश

**खैरथल-तिजारा:** राजस्थान में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गए थे. लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन का काम जारी है. लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अवैध खनन की रोकथाम के लिए राज्य सरकार की सख्ती का संकेत दिया है. सीएम हाउस पर बुधवार (2 अप्रैल) को एक समीक्षा बैठक की गई, जिसमें मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टरों को सख्त निर्देश दिए हैं, जिसमें उन्होंने कहा कि



खनन माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करें और कानून की सख्ती से पालना सुनिश्चित करें. सीएम ने यह भी कहा कि अब अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाया जाए संयुक्त टास्क फोर्स करेगी मॉनेटरिंग-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यालय स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स बनाए जाने के निर्देश दिये हैं. जो अवैध खनन की निगरानी और औचक निरीक्षण करेगी. उन्होंने कहा कि पुलिस, जिला प्रशासन, वन, परिवहन और खनन विभाग को आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लग सके

# एक साल पहले हुई बोरिंग , विधुत कनेक्शन आज तक नही हुआ

**ब्यूरो -एनपीटी**

खैरथल !शहर के पेयजल संकट को देखते हुए नगर परिषद द्वारा पिछले वर्ष शहर में एक दर्जन से अधिक श्री फेस बोरिंग करवाए गए थे उनमे से कुछ सूखे निकल गए कुछ में थोड़ा बहुत पानी निकला !लेकिन गर्मी आरम्भ होते ही शहर के कई हिस्सों में पानी संकट की जानकारी कलक्टर सहित जलदाय विभाग के पास पहुंचना आरम्भ हो गई है !

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड न. 29 में नगरपरिषद द्वारा एक वर्ष पूर्व नया बोरिंग लगवाया गया जिसमे एक साल गुजर जाने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नही हो पाया है !

उधर,वार्डवासियो ने बताया की बोरिंग में मोटर भी डाल दी गई है !पाइप सहित स्टार्टर



भी वही रखे हुए है लेकिन अधिकारियो की लापरवाही से कनेक्शन नही हो पा रहा है !वार्डवासी महंगे भावो के टेंकर मंगवाकर अपना गुजर बसर करने को मजबूर हो रहे है !

इनका कहना है

परिषद में संबधित बाबू का स्थानांतरण हो जाने की वजह से मामला लटक गया था !अब शीघ्र ही कनेक्शन कराने की प्रक्रिया पूरी करवा दी गई है !

**मुकेश शर्मा,आयुक्त,नगर परिषद खैरथल**

## सड़क हादसे में शिक्षक हुआ घायल , किया अलवर रेफर

खैरथल !समीपवर्ती ग्राम जेलौता के सरकारी स्कूल में कार्यरत अध्यापक सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया !

सेटेलाइट अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह जेलौता के सरकारी स्कूल में ड्यूटी पर जा रहे अलवर निवासी सुमित पुत्र कृष्ण गोपाल को बालन बसई से श्यामाका गांव के बीच में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया !ग्रामीणों की सहायता से घायल को खैरथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जिसका प्राथमिक उपचार कर अलवर के लिए रेफर कर दिया !बताया जाता है शिक्षक के सर में चोट आई है !

## मांग — पंचायत पुनर्गठन एवं परिसीमन में

# झूवासा पंचायत की जगह छरखावाडा करने की मांग

**ब्यूरो -एनपीटी**

बूंदी! पंचायत पुनर्गठन परिसीमन में संशोधन करने की मांग की गई! मांग को लेकर ग्रामीण वासियों द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया! ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में हुये पंचायत पुनर्गठन एवं परिसीमन में प्रस्तावित पंचायत झुंवासा की जगह छरकवाडा तहसील रायथल जिला बून्दी बनाये जाने है कि अभी आगामी पंचायत चुनाव हेतु ग्राम पंचायतो का परिसीमन व पुनर्गठन किया गया है जिसमें हमारी वर्तमान मायजा पंचायत जिसमें की मायजा, कोडिजा, छरकवाडा, कान्हीहेडा, व झुंवासा ग्राम आते है परन्तु आबादी के अनुपात में अब ग्राम पंचायत पुनर्गठन एवं परिसीमन के बाद मायजा पंचायत से पृथक कर छरकवाडा, कान्हीहेडा व झुंवासा को अलग से पंचायत बनाने का



प्रस्ताव है जिसका की मुख्यालय झुंवासा को बनाया जाना प्रस्तावित हैं। इस बाबत हमें उपखण्ड अधिकारी केशोरायपाटन की द्वारा जारी सूची से जानकारी हुई है। उक्त प्रस्तावित झुंवासा ग्राम पंचायत में ग्राम छरकवाडा सबसे बडा गांव है तथा वर्तमान में वहा पटवार हल्का कार्यरत है इसी पटवार हल्के के अन्तर्गत झुंवासा ग्राम भी आता है सन् 2011 में हमारी गांव की आबादी 1319 है जबकि झुंवासा ग्राम की आबादी 976 है साथ ही यह भी उल्लेखनिय है कि ग्राम छरकवाडा के मतदाता की संख्या झुंवासा की मतदाता संख्या से ज्यादा है। झुंवासा के वनीस्पत छरकवाडा ग्राम स्टेट हाईवे खटकड-केशोरायपाटन रोड से 1 किलोमीटर से भी कम हैं जबकि झुंवासा सडक से 5-6 किलोमीटर दूर है। साथ ही ग्राम छरकवाडा बडा होने के कारण अन्य गांव के लोगो की आवाजाही आसान व सुविधाजनक रहती है। साथ ही हमारे गांव छरकवाडा में बडी संख्या में अनुसूचित जनजाति के लोग रहते है ओर वह माडा योजना के अन्तर्गत आता है। उक्त गावं में सिवायक जमीन का रकबा भी ज्यादा है। जिस पर भी पंचायत मुख्यालय व अनेक सरकारी भवनो का निर्माण किया जा सकता है। उक्त ग्राम छरकवाडा ग्राम पंचायत बनने के लिए सभी मापदण्ड पुरे करता है कि वर्तमान में हुये पंचायत पुनर्गठन एवं परिसीमन में प्रस्तावित पंचायत झुंवासा की जगह छरकवाडा तहसील रायथल जिला बून्दी बनाने की मांग की गई! ज्ञापन के दौरान ग्यारसी लाल मीणा बद्रीलाल मीणा रामेश्वर मीणा मोहनलाल मीणा योगराज मीना महावीर परमानंद सत्यनारायण ओम विष्णु रामेश्वर सुमन मदन गुर्जर मोहनलाल जुगराज मीणा पप्पू लाल मीणा राम लक्ष्मण मीणा महावीर मीणा सहित ग्रामीण वासी मौजूद रहे

# जिजौला में स्मैक का काला कारोबार, पुलिस की लापरवाही से फल-फूल रहा नशाखोरी का अड्डा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, चौसाना।** क्षेत्र का जिजौला गांव नशाखोरी के गढ़ में तब्दील हो चुका है। यहां बड़े पैमाने पर अवैध स्मैक का कारोबार किया जा रहा है, जिससे गांव का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। स्थानीय लोग इस समस्या से त्रस्त हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन की सुस्ती के चलते यह धंधा बेखौफ जारी है।

स्थानीय निवासी आदिल राणा प्रधान, मुस्तकीम, अफसर, समशाद, खालिद आदि ने बताया कि जिजौला में स्मैक थोक में बेची जा रही है। रोजाना सैकड़ों नशेड़ी यहां पहुंचकर नशे की पुड़िया खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को कई बार इस अवैध कारोबार की सूचना दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नशा तस्करों के हौसले बुलंद हैं और गांव के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं।शुक्रवार शाम करीब चार बजे जिजौला में एक ग्राहक और तस्कर के बीच स्मैक की मात्रा को लेकर विवाद हो गया। तस्कर ने कम माल दिया, जिस पर ग्राहक भड़क उठा। दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस हंगामे से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर काफी देर बाद पहुंची। इस पूरे मामले पर चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि उन्हें मारपीट की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया, "नशाखोरी पर पहले भी कार्रवाई की गई है और आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। किसी भी कीमत पर नशे का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अज्ञात पिकअप गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

कांधला, थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग गांव जिडाना के निकट स्कूटी सवार पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे समुदाय स्वास्थ केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी पप्पन हलवाई का कार्य करता है। बुधवार को दोपहर के समय वह किसी कार्य के लिए करना गया हुआ था। पत्नी समीमा की जानकारी देते हुए बताया कि वहां से काम समाप्त करने के बाद जब पप्पन वापस लौट रहा था। तो गांव जीडाना के समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।। ग्रामीणों की मदद से उसे समुदाय स्वास्थ केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# जुमे की नमाज को लेकर चौकन्ना रहा पुलिस-प्रशासन

### मस्जिदों के बाहर तैनात नजर आया पुलिस-फोर्स, कोतवाली में डेरा डाले रहे डीएम-एसपी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, कैराना।** पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते कैराना में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट नजर आया। सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। इस दौरान डीएम व एसपी कोतवाली में डेरा डाले रहे।

हाल ही में देश की संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया है। विधेयक के विरोध की आशंका के चलते प्रदेशभर में हाई अलर्ट जारी किया गया है। शासन के निदेशों के क्रम में स्थानीय पुलिस-प्रशासन भी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन जुमे की नमाज के दृष्टिगत काफी चौकन्ना नजर आया। नमाज से पूर्व सीओ कैराना( अंडर ट्रेनिंग) जितेंद्र कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देकर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं, जुमे की नमाज के दौरान कस्बे में स्थित जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों के बाहर भारी पुलिसबल तैनात किया गया था। ड्रोन उड़ाकर आसपास की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखी गई। इस दौरान डीएम अरविंद चौहान व एसपी रामसेवक गौतम, एडीएम संतोष कुमार सिंह व एएसपी संतोष सिंह कोतवाली परिसर में डेरा डाले रहे। उच्चाधिकारी मातहतों से पल-पल की जानकारी हासिल करते रहे। पुलिस-प्रशासन की सजगता के चलते जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव व सीओ श्यामसिंह भी कस्बे की गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रहे। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कस्बे व क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई है।

# प्राथमिक विद्यालय के मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, झिंझाना।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाद में बच्चों को जलपान भी कराया गया। पुरुस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शुक्रवार को चौसाना क्षेत्र के गांव अमला पुर के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक परिणाम वितरण किया गया तथा अच्छे अंक लाने वाले प्रतिभावन बच्चों में कक्षा 3 का सूरज प्रथम, अक्शा, दूसरे स्थान पर मुस्कान तथा तीसरे पर जिया रही। कक्षा 4 की अनम व दिविका प्रथम, वंशिका दूसरे स्थान तथा तीसरे स्थान पर वंश रहा। कक्षा 5 की तेजस्वी प्रथम, दूसरे पर बादल तथा तीसरे पर अब्दुल ने बाजी मारी। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वितरण के बाद जलपान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिन कुमार इंचार्ज सहायक अध्यापक, नाजिम राणा सहायक अध्यापक , नीलम देवी, गुरुबाज सिंह व दर्जनों अभिभावक मौजूद रहे। दूसरी ओर बिडौली सादात के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं में अदीबा पुत्री शौकीन, अदीबा पुत्री बाकिर अली, इरम, अफसा ने परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को स्कूल की प्रधानाचार्य वंदना गहलोत द्वारा बच्चों को पेंसिल किट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर, अध्यापिका अनु निवाल, अध्यापक जय भगवान, शालू चौधरी, नीलिमा आर्य, अर्चना चौहान, सोनम आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## 145 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 145 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है। गुरुवार रात्रि एसपी शामली रामसेवक गौतम के निदेर्शानुसार मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 145 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता सन्नी निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना किशनपुर जनपद पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धारा में अभियोग दर्ज करके उसका चालान कर दिया है।

# लोनी विधायक के समर्थन में उतरी अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, कैराना।** अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में उतर आई है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन-पत्र एसडीएम को सौंपकर विधायक के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के पदाधिकारी संगठन के प्रदेश सचिव प्रताप चौधरी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को एक ज्ञापन-पत्र सौंपा। बताया कि गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने विगत दिनों कलश यात्रा के दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एवं एक महिला के साथ में अपमानजनक व्यवहार किया है, जिससे सम्पूर्ण गुर्जर समाज में आक्रोश व्याप्त है। गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन का कृत्य काफी निंदनीय है। पुलिस अधिकारियों ने विधायक के अलावा कलश यात्रा व रामचरित मानस का भी अपमान किया है, जिससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है। ज्ञापन-पत्र में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर आगामी 13 अप्रैल को सर्वसमाज के लोगो के साथ प्रधानमंत्री आवास के सामने पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान हरपाल सिंह भूरा, अनिल बैंसला एडवोकेट, प्रवीण कुमार एडवोकेट, ज्योति चौहान एडवोकेट, अनुज चौहान, अजीत चौहान आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार :

### चौसाना पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार

चौसाना थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमलापुर के जंगल से अज्ञात चोर द्वारा टयूबवैल/नलकूपों से चोरी की गयी थी। घटना के सम्बन्ध में दाखिल तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये थे। थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 चोरो को टयूबवैल/नलकूपों से चोरी किये गये तार, घटना में प्रयुक्त उपकरण व अवैध चाकू सहित सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। तालिम पुत्र लियाकत: ग्राम ओदरी थाना झिंझाना जनपद शामली का निवासी। सरवर पुत्र शौकत: ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली का निवासी। चोरी किया गया तांबे का तार: 730 ग्राम। चोरी में प्रयुक्त उपकरण: 01 प्लास, 01 पेंचकस। एक अवैध चाकू। दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पटाखा बुलेट व बाइक पर शिकंजा, 12 सीज

कैराना : पटाखा बुलेट व बाइक पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 12 बाइकों को सीज कर दिया है। बुलेट बाइक से पटाखा छोड़कर युवक दहशत फैलाने का काम करते हैं। इसी को देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने चौक बाजार, कांधला तिराहा पर अभियान के दौरान 12 बाइकों को पकड़ लिया। इसके बाद सभी बाइकों को सीज कर दिया गया। देर शाम तक यह अभियान जारी रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पटाखे छोड़ने वाली बुलेट व बाईकों पर शिकंजा कसा जाएगा। कार्रवाई के दौरान पांच बुलेट व सात बाइक शामिल हैं। वहीं कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों के चालान किए गए हैं। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### शराब पीकर हुड़दंग से रोकने पर चाचा भतीजे पर जानलेवा हमला



कांधला। थाना क्षेत्र के एलम में शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 5 आरोपी युवको को रोकना महंगा पड़ गया। मामले में शराबी युवको ने चाचा में भतीजे पर धार धार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के लिए गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया। एलम के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी बलराम पंवार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते गुरुवार देर रात्रि को उनके मकान के नीचे कुछ युवक शराब पीकर नशे में गालियां दे रहे थे। जब उनको ऐसा करते काफी समय हो गया तो पीड़ित बलराम पंवार ने परिवार में महिला व बेटी होने का हवाला देते हुए उनको ऐसा ना करने से रोक दिया। पीड़ित की नसीहत से आग बबूला नशे में धुत युवको ने पीड़ित पर धार धार हथियार से हमला बोल दिया। पीड़ित के शोर शराबे की आवाज सुनकर भतीजा राजेश भी बीच बचाव के लिए मौके पर पहुंचा। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने दोनों की चिंताजनक हालत को देखते हुए उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित बलराम ने फरमान, साकिर, इरफान व उसके उसके भाई पुत्र आसक सहित 5 लोगो के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन पर मुस्लिम भाजपा नेता को धमकी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, कैराना।** मुस्लिम भाजपा नेता ने वक्फ संशोधन विधयेक का समर्थन करने पर कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को मामले की नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। खादर क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता मुबारिक हसन गुर्जर ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि वह राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता है। उसने भारत सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए वक्फ संशोधन विधेयक का सोशल मीडिया एवं विभिन्न समाचार-पत्रों के माध्यम से समर्थन किया है, जिसके चलते कुछ लोग उससे रंजिश रख रहे है। आरोप है कि विगत गुरुवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसकी गैर मौजूदगी में चार-पांच युवक लाठी-डंडों व तमंचों से लैस होकर उसके घर पर पहुंचे। आरोपियों ने वहां पर मौजूद उसके परिवार के लोगो के साथ में जमकर गाली-गलौच की। आरोपियों ने उसे मोदी व योगी का समर्थन करने का मजा चखाने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी काफी देर तक गांव के अड्डे पर खड़े होकर उसे जान से मारने की एलानिया धमकी देते रहे। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## बास की बल्लियों के गोदाम में लगी भयंकर आग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, कैराना।** न्यू हाइट्स एकेडमी स्कूल के निकट बास की लकड़ी का गोदाम मौजूद हैं। गत गुरुवार की रात्रि करीब एक बजे गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते गोदाम में मौजूद बास की बल्लियों, निर्मित सीढ़ियों व चालियों में आग लग गई। भयंकर आग लगने के चलते आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मामले की सूचना पुलिस एवं दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद पुलिस टीम व दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। वहीं, दमकल विभाग के कर्मियों द्वारा आग पर पानी डालकर उसे बुझाने का प्रयास किया गया। लगभग पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया। यह मोहल्ला दरबार निवासी आसिफ का बताया गया हैं।

# खोडसमा बिजलीघर की लापरवाही से 25 हजार की आबादी बेहाल, ग्रामीणों ने किया हंगामा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, चौसाना।** खोडसमा बिजलीघर से जुड़ी 33/11 हजारी लाइन की खराबी ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दीं। गुरुवार दोपहर 3 बजे से शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक 24 घंटे बिजली न होने से छह गांवों के करीब 25 हजार लोग परेशान रहे। भीषण गर्मी में गांवों की बत्ती गुल होने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और शुक्रवार सुबह 10 बजे किसान संगठनों व ग्रामीणों ने खोडसमा बिजलीघर पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजलीघर पर जमकर नारेबाजी की और बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि ऐसी ही लापरवाही जारी रही तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। गुरुवार दोपहर से ही बिजली गुल होने के कारण खोडसमा, सकौती, इंद्रानगर, सालाहपुर, मुस्तफाबाद और कोन्थलपुर गांवों के लोग भीषण गर्मी में बेहाल रहे। पानी की किल्लतः बिजली नहीं होने से नल सूख गए। महिलाओं को मजबूरी में दूर-दराज से सरकारी नलों से पानी भरना पड़ा। पशु और फसलें प्रभावितः बिजली न होने के कारण पशुओं के लिए चारा काटने की मशीनें ठप हो गईं, जिससे पशुपालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मोबाइल बंद, संपर्क ठपः मोबाइल चार्ज न होने के कारण गांवों का बाहरी दुनिया से संपर्क भी कट गया। मच्छरों की मारः गर्मी और उमस में लोग रातभर सो नहीं सके। बिजली के बिना पंखे बंद रहे और मच्छरों ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति गंभीर

कैराना : अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायलो को रेफर कर दिया गया है। गांव भूरा निवासी गय्यूर अपनी पत्नी के साथ बाइक पर कैराना से घर लौट रहा था। कैराना झिंझाना मार्ग पर स्थित मंदिर में के निकट अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें वह दंपति गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया।

**मच्छरों पर नियंत्रण करने के लिए कराई गई, फागिंग**

कैराना : नगरवासियों को मच्छरों से निजात दिलाने के लिए नगरपालिका की ओर से मुख्यमार्ग व मोहल्लों में फागिंग कराई। नगर के मुख्य मार्ग व अन्य मार्गो में नगरपालिका की ओर से फागिंग कराई। नगरवासियों की शिकायत पर पालिका प्रशासन ने मच्छरों से निजात दिलाने के लिए विभिन्न गलियों में फॉगिंग कराई गई।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# गांव सुन्ना में दो पक्षो के बीच मारपीट, घायल, अस्पताल में भर्ती



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, कांधला** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में पुराने विवाद को लेकर पिछले काफी दिनों से नूरजहां व जासमीन पक्ष के परिवारों में विवाद चलता आ रहा है। शुक्रवार को भी दोनों पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर तनाव बढ़ गया। दोनों पक्षों के दर्जनो लोग मौके पर जमा हो गए। जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान हुए संघर्ष में दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले। संघर्ष के दौरान नूरजहां पक्ष से नूरजहां, शबाना व जासमीन पक्ष की ओर से नूरदिन व सादिक गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गांव में पहुंचकर हल्का फल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों के लोगों को मोके से हटा दिया। घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर गंभीर हालत के चलते डॉक्टर ने घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में दोनों महिलाओं ने पुलिस को दुष्कर्म व मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# वक्फ बिल पास होने के बाद अलर्ट मोड पर पुलिस

### जुमे की नमाज को लेकर कडी रही सुरक्षा व्यवस्था, असामाजिक तत्वों पर रही कडी नजर





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, शामली।** संसद में वक्फ संशोधन बिल के पास होने व जुमे की नमाज को लेकर जिले में पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखा। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर शहर में पुलिस की कडी चौकसी रही। पुलिस की असामाजिक तत्वों पर भी कडी नजर रही।

जानकारी के अनुसार पहले लोकसभा और उसके बाद राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल के पारित होने के बाद से ही पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी थी। वहीं शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिलेभर में पुलिस की जगह-जगह कडी चौकसी दिखी। वहीं मस्जिदों के बाहर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी ताकि वक्फ संशोधन बिल को लेकर किसी तरह का कोई विरोध प्रदर्शन न हो। हालांकि जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। वहीं कांधला, कैराना, झिंझाना, थानाभवन, गढीपुख्ता में भी पुलिस पूरी तरह अलर्ट दिखी। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की कडी नजर रही। पुलिस ने असामाजिक तत्वों को कडी चेतावनी भी दी।

# जेई के निलंबन के विरोध में विरोध प्रदर्शन शुरू

### किसी भी अवर अभियंता पर कार्रवाई हुई तो सामूहिक रूप से निलंबन का सहमति पत्र देंगे अवर अभियंता

### खेडीकरमू स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरने पर बैठे अवर अभियंता




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, शामली।** विद्युत विभाग के जेई संजय राणा के निलंबन के विरोध में शुक्रवार को अवर अभियंताओं द्वारा खेडीकरमू स्थित अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा निलंबन रद्द न होने या किसी अन्य जेई के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने पर सामूहिक रूप से अपने निलंबन का सहमति पत्र सौपने की भी घोषणा की। जनकारी के अनुसार जेई संजय राणा के निलंबन से विद्युत विभाग के अवर अभियंताओं में आक्रोश बना हुआ है। शुक्रवार को खेडीकरमू स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अवर अभियंताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि जेई संजय राणा को 100 केवीए ट्रांसफार्मर के खराब होने के बाद जनहित में वर्कशाप से बदलवाने के कारण अधीक्षण अभियंता द्वारा निलंबित किया गया है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवर अभियंता दिन रात एक करके जनहित में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने व राजस्व वसूली का कार्य करते हैं लेकिन इसके बावजूद भी कार्रवाई सिर्फ जूनियर इंजीनियर पर की जा रही है। ट्रांसफार्मर एक मशीन है जिसका एक निश्चित समय व अतिभारिता के बाद खराब होना तय है लेकिन उच्चाधिकारी तकनीकी ज्ञान के दक्ष होने के बाद भी गैर जिम्मेदाराना आरोप लगाकर अवर अभियंताओं पर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक अवर अभियंता संजय राणा का निलंबन रद्द नहीं होता तब तक संगठन का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा, साथ ही अगर किसी भी अवर अभियंता के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई होती है तो जनपद के सभी अवर अभियंता सामूहिक रूप से अपना निलंबन करने का सहमति पत्र अधीक्षण अभियंता को सौपेंगे। इस अवसर पर विजय शंकर कुशवाहा, शैलेष यादव, बलवंत सिंह, रहुल, अशोक, रवि, नीतिश सहित अवर अभियंता मौजूद रहे।

### त्यौहार को ले प्रशासन एक्टिव, आपत्तिजनक- अश्लील गाना बजाने पर

# प्रतिबंध, सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने की अपील

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था के सफल संधारण हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी थाना प्रभारियों/ बीडीओ- सीओ एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग रविन्द्र भवन टाउन हॉल में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा की गई। सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि आप सभी जिला प्रशासन के आंख, कान, हाथ हैं। ऐसे में पूरी चुस्ती से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, नियमित फील्ड से अपने वरीय पदाधिकारियों को फीडबैक देते रहें। दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल में किसी भी तरह से संवादहीनता की स्थिति नहीं रहे, आपस में फोन नंबर साझा करें, आपसी समन्वय से कार्य करे। मजिस्ट्रेट भी जुलूस के साथ चलेंगे, जब तक वरीय पदाधिकारियों द्वारा आदेश नहीं दिया जाता तब तक प्रतिनियुक्ति स्थल से नहीं हटेंगे। विसर्जन घाटों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जुलूस के विसर्जन का





अपडेट कंट्रोल रूम में देते रहेंगे। बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने को कहा। किसी भी तरह की आपत्तिजनक/अश्लील गाने को बजाया नहीं जायेगा। सभी अखाड़ों की वीडियोग्राफी होगी/सोशल मीडिया पर सतत निगरानी होगी। सभी जुलूस में मेडिकिल कीट उपलब्ध हो। जुलूस का जो निर्धारित रूट है, वही रहेगा, इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा। धार्मिक स्थलों पर भी सभी सम्बन्धित सतर्क रहेंगे। आवश्यकतानुसार संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी- ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी। बीडीओ- सीओ/ थाना प्रभारी को अपने सूत्रों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। अग्निशमन विभाग/ स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने को कहा। अग्निशमन वाहनों/ एंबुलेंस को जगह- जगह पर प्रतिनियुक्त करने का सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। जिला में कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या घटना पर तुरन्त अपने वरीय पदाधिकारी के साथ कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे। सभी थाना प्रभारी अपने सूत्रों को सक्रिय रखेंगे। ऐसे आयोजनों के सफल संचालन में आप सभी सक्षम हैं, पूर्व में भी अपनी प्रतिबद्धता दिखाते आए हैं, पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है, जरूरत है कि प्रतिनियुक्त बल ऊर्जा बनाये रखे। सभी बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी सभी अखाड़ा का संयुक्त रूप से निरीक्षण करे। सिविल ड्रेस में भी पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से असामाजिक गतिविधि या शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा पहुंचाने की कोशिश होती है तो तत्काल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करा लें, जुलूस समापन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। डीसी- एसपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखने की बात कही। द्वय पदाधिकारियों ने आमजनों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने, अगर कुछ संदिग्ध होता है तो अविलंब स्थानीय बीडीओ/सीओ - थानों प्रभारियों को सूचित करने की अपील की, प्रशासन अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ एवं महेशपुर, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी उपस्थित थे।

# दिन दहाड़े स्वास्थ्य कर्मी के आवास से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ नगर क्षेत्र के शहरकोल में दिन दहाड़े चोरी की घटना प्रकाश में आया है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सुलेखा कुमारी के घर में बेखौफ चोरों ने दिन दहाड़े ही चोरी कर नौ- दो- ग्यारह हो गया। घटना के समय स्वास्थ्य विभाग के कर्मी सुलेखा कुमारी घर पर नहीं थी, वो ड्यूटी में थी, ड्यूटी से जब घर आया तो देखा कि उनके घर के सामान चोरी हो गये। वही सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचे और जांच में जुट गई। वही स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सुलेखा कुमारी ने बताया कि पुराना सदर अस्पताल टीकाकरण के लिए



गयी हुई थी, जब घर आया तो पता चला कि घर में रखे हुए सोने- चांदी के जेवरात चोरी हो गये, साथ ही अलमारी में रखा हुआ करीब 17000 रुपए समेत सोने चांदी के गहने की कागजात भी चोरों ने लेकर फरार हो गये। उन्होंने कहा कि बिहार में ट्रेनी चिकित्सक (अपनी बेटी) की विवाह के लिए मैंने करीब 8-10 लाख रुपए के आभुषण खरीद कर रखे थे जो चोरों ने चोरी कर ले गये। वही नगर पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के शहरकोल स्थित एक घर में चोरी हुई है, घटना को ले तफ्तीश जारी है, जल्द ही चोरी की घटना का उद्वेदन कर ली जायेगी।

# जिला वेक्टर जनित रोग कंसल्टेंट के पद पर अंकित कुमार का हुआ चयन, डीसी - एसपी ने दी नियुक्ति पत्र



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत जिला वेक्टर जनित रोग कंसलटेंट के नियुक्ति की प्रक्रिया सूचना भवन सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कुल 12 अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर जांचोपरांत 09 अभ्यर्थियों के कागजात सही पाये गये, जिन्हें लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए बुलाया गया। 07 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात साक्षात्कार का आयोजन उपायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

जिसमें मेधा सूची के आधार पर अंकित कुमार, पिता - जनार्दन प्रसाद का चयन कंसल्टेंट के पद पर किया गया तथा उपायुक्त मनीष कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। चयन प्रक्रिया में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी तथा प्रभारी सीआई शिवाशीष शामिल थे।

# दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की बैठक में श्रीकुमार सरकार एवं बरकतुल्लाह खान ने की शिरकत



**एनपीटी ब्यूरो**

नई दिल्ली, कांग्रेस के केन्द्रीय कार्यलय इंदिरा भवन में आयोजित कांग्रेस पार्टी की जिला अध्यक्षों की बैठक में पाकुड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, साहेबगंज जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान सहित झारखण्ड- बिहार और अन्य राज्यों के जिला अध्यक्ष के साथ राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे बैठक ले रहे हैं। कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने, जिला अध्यक्ष को संगठन की जिम्मेदारी को बढ़ाने के लिए अहम बैठक हो रही है। श्रीकुमर सरकार ने साझा किया है कि राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे चाहते है कि कांग्रेस संगठन मजबूत और जिला अध्यक्ष शक्तिशाली बने, राहुल गांधी ने हम सभी जिला अध्यक्षों को अपने वाणी से ऊर्जा भर दिया, आने वाले दिनों में संगठन और मजबूत होगा।

# विधायक हेमलाल मुर्मू ने लोग जोड़े गड्ढा कोड़े महाअभियान में की भागीदारी

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला प्रशासन पाकुड़ के द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के धुंधपहाड़ी ग्राम में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना ₹लोग जोड़े गड्ढा कोड़े₹ महाअभियान का खेत में गयता चला कर योजना का शुभारम्भ लिट्टीपाडा विधायक हेमलाल मुर्मू के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन, लिट्टीपाड़ा बीडीओ, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पाकुड़ जिला अध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम एवं अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



तत्पश्चात व लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में जल की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने को ध्यानार्थ विधायक हेमलाल मुर्मू ने लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड परिसर में डीडीसी, पाकुड़ , लिट्टीपाड़ा बीडीओ, हिरणपुर बीडीओ एवं अमडापाडा बीडीओ के साथ अति आवश्यक बैठक कर जल्द से जल्द जल की समस्या को दूर करने की बात कही। वही विधायक हेमलाल मुर्मू ने लिट्टीपाड़ा ब्लॉक परिसर में छात्राओं को साइकिल वितरित भी किया।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), आमजनों की सुविधार्थ में उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन निर्धारित समय अवधि में ही किया जा रहा है एवं दूर दराज से आये हुए लोगों के उनके समस्याओं के मुताबिक सम्बन्धित विभाग से कराया जा रहा है। जिससे आम-जनों में जागरूकता तो आया ही है, साथ ही उनकी शिकायतों का भी समाधान हो रहा है। वही शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से सम्बन्धित एवं रोजगार से सम्बन्धित, शिक्षा विभाग से सम्बन्धित, सहिया आदि से सम्बन्धित आदि आवेदन प्राप्त हुए थे।

# रामनवमी को ले डीसी - एसपी ने लिया सुरक्षा इंतजामों का जायजा, निकाला फ्लैग मार्च, चौकस रहने का दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०),:रामनवमी पर्व को शान्तिपूर्ण माहौल में मनाये जाने को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से शुक्रवार को पाकुड़ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। ये फ्लैग मार्च पाकुड़ थाना रोड होते हुए बिरसा चौक, अम्बेडकर चौक, हिरण चौक, गांधी चौक, रेलवे फाटक, स्वामी विवेकानंद चौक, चांदपुर बोर्डर, गोपीनाथपुर आदि स्थलों तक की गई। उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की



कोई असुविधा ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने जिलेवासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार मनाने की अपील की है।

फ्लैग मार्च में अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ डीएन आजाद, शहर थाना प्रभारी प्रयाग दास सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी व कई जवान शामिल थे। वही आपको बता दे त्यौहार को ले जिला प्रशासन एक्टिव हैं, सभी चौंक- चौराहों समेत सभी सेंसिटिव एरिया में सुरक्षा बलों के द्वारा हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है, साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की कड़ी निगरानी है, ऐसी किसी भी भी अफवाहों से बचने की अपील की गई है, जिससे प्रशासन को मजबूरन एक्शन लेना पड़े। त्यौहार को ले काफी सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है।

# रामनवमी पर भव्य कार्यक्रम का होगा आयोजन, हजारों की संख्या में रामभक्त होंगे शामिल- प्रसन्ना मिश्रा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पाकुड़ में भव्य रामनवमी के पावन अवसर पर शोभायात्रा निकलेगी, जो अखाड़ा में शामिल होगी। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग हर वर्ष अपनी मौजूदगी दर्ज करते हैं, इस हेतु प्रखंड के विभिन्न मोहल्ले एवं गांव से लोग पारंपरिक अस्त्र - शस्त्र, धार्मिक ध्वज, ध्वनि वादक यंत्र, गाजे - बाजे के साथ अखाड़ा में शामिल होंगे। उक्त बाते रामनवमी महोत्सव समिति के संयोजक प्रसन्ना मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि पाकुड़ नगर के तलवाडांगा, खदानपाड़ा, राज हाई स्कूल रोड, बड़ी अलीगंज, राजापाड़ा, कलीतल्ला, तातिपाड़ा होते हुए गांधी चौक में अखाड़ा में शामिल होंगे। पाकुड़ ग्रामीण क्षेत्र के कोलाजोड़ा, कोयलामोड शमशेरा, गोकुलपुर, नगरनवी, झीकरहट्टी , पुरलीपुर, बाहिरग्राम एवं अन्य ग्रामीणों के लोग हजारों की संख्या में त्यौहार के अवसर पर हर्षौल्लास के साथ शांतिपूर्वक रूप से शोभा यात्रा एवं झांकी का हिस्सा बनेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक संभवत आयोजित किया जाना तय हुआ है। इसके लिए पूरे पाकुड़ को सजाने का कार्य किया जा रहा है। पाकुड़ में बड़े बड़े भगवा ध्वज, भगवा लड़ी इत्यादि लगाया जा रहा है। 06 अप्रैल को भव्य रूप से रामनवमी मनाया जायेगा। इस कार्य में समिति के रंजित कुमार चौबे, विशाल भगत, गौतम कुमार , हर्ष भगत, अजय भगत, अजय ठाकुर, चंदन प्रकाश, संतोष कुमार, मोनू तिवारी, संदीप मंडल, नंदलाल ओझा, बादल साहा, देवजीत पांडेय, कर्ण मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता तैयारी में जुटे है।

# डीएवी विद्यालय में नए सत्र की हुई शुरूआत

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़, स्थानीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नये सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया गया। नव नामांकित बच्चों के लिए डीएवी विद्यालय के तरफ से ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं टॉफी देकर किया गया। बच्चों के स्वागत के लिए प्रत्येक कक्षा की खास सजावट एवं जरूरी तैयारियां की गई। सत्र के प्रथम दिन स्कूल में बच्चों के साथ वैदिक हवन का आयोजन किया गया। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उत्साहित होकर अपने शिक्षण कार्य का परिचालन किया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने बताया कि इस नए सत्र में बच्चों को उत्कृष्ट एवं गुणवत्ता शिक्षा देना विद्यालय की पहली प्राथमिकता होगी।

# भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो**

भाजपा पाकुड़ इकाई के जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त, पाकुड़ से मिले। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी,जिला महामंत्री रूपेश भगत, गंधाईपुर मंडल अध्यक्ष मनोरंजन सरकार एवं पवन भगत शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने विभिन्न जन मुद्दों को लेकर उपायुक्त को विज्ञापन सौंपा। उपायुक्त महोदय को सौंपे ज्ञापन में जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि पाकुड़ मुख्य सड़क से प्रत्येक दिन पत्थर, बालू और कोयला से लदे सैकड़ो बड़े वाहन आवागमन कर रही है, जिनमें कई वाहन या तो ओवरलोडिंग होती है या बिना माइनिंग चालान के भी, इतना ही नहीं ऐसी भी जानकारी सामने आ रही है की रात्रि के वक्त ट्रिपल से ढके बालू लदे वाहनों को भी बंगाल भेजा जा रहा है जो सभी यथाशीघ्र उच्च स्तरीय जांच



एवं कार्रवाई कर जनहित सुनिश्चित करने का गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग एवं बगैर माइनिंग चालान के कारण जहां एक ओर राजस्व की चोरी /क्षतियों से इनकार नहीं किया जा सकता है वहीं दूसरी ओर इस कारण यत्र-तत्र पत्थर, बालू और कोयला गिरने एवं सड़क में बिखरने से आमजन प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं नो एंट्री के बावजूद भी वैसे वाहनों का आवागमन एवं अनियंत्रित स्पीड की बातें भी सामने आ रही हैं।

इन गंभीर परिस्थितियों के कारण भीषण यातायात असुविधाएं जाम एवं जानमाल तक की क्षति पहुंचने से जुड़े संभावित गंभीर परिस्थितियों के उत्पन्न होने की बातों से इनकार नहीं किया जा सकता है एवं कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं भी है। जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने उपायुक्त, पाकुड़ को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यानाकृष्ट किया कि वैसे भारी वाहनों के आवागमन से पाकुड़ नगर में विद्यालय जाने एवं वापस घर आने के समय बच्चों को होने वाली असुविधाएं, वाहनों के अनियंत्रित स्पीड से होने वाली असुविधाएं एवं दुर्घटना की संभावना का बना रहना, कोयला वाहनों का हिरणपुर लिट्टीपाड़ा होते हुए कोयला आमड़ापाड़ा कोयला साइडिंग आवागमन में कोई उचित नियंत्रण न होने से होने वाले यातायात असुविधाएं, पाकुड़ नगर में ट्रैफिक पुलिस की उचित व्यवस्था न होना, भारी वाहनों एवं ओवरलोडिंग वाहनों को पास करने के लिए पाकुड़ नगर के विभिन्न स्थानों जैसे बस स्टैंड मोड, नगर थाना के सामने, अंबेडकर चौक, प्यादापुर चेक नाका, पुराना उपायुक्त कार्यालय के सामने, हिरणपुर रानीपुर मोड़, कुसमा फाटक चेक नाका आदि में विभिन्न पासिंग एजेंट एवं दलालों को येन केन प्रकारेण पास करने हेतु पूरा दिन एवं रात लगे रहते हैं।

# आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में यंग टैलेंट हंट -2025 का आयोजन





**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। आईटीएस मोहन नगर गजिआबाद में अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी ₹ यंग टैलेंट हंट -2025 ₹ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारम्भ संस्थान स्थित द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सिंह, (सेवा निवृत आई ए एस), निदेशक जीडीएलएम लि ग्रेटर नोएडा, आईटीएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई, आईटीएस स्कूल आफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, कोर्डिनेटर डॉ पुनीत कुमार एवं प्रो पारुल गुप्ता द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न किया गया। ग्रैंड फिनाले यंग टैलेंट हंट के उद्घाटन अवसर पर डॉ वी एन बाजपेई ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में इस कार्य क्रम के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सभी प्रतिभागियों, उनके अविभावको, शिक्षको एवं छात्रों का स्वागत किया तथा अपनी शुभकामनाएं दी। डॉ पुनीत कुमार ने कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य एवं रूप रेखा पर प्रकाश डाला। इस फिनाले की शुरूआत सन 2013 से की गयी तथा हरेक साल अनवरत रूप से आईटीएस मोहन नगर द्वारा इसका आयोजन किया जाता तथा है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर एवं उत्तर प्रदेश के पचपन शिक्षण संस्थानों से 175 (एक सौ पचहत्तर) प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये सारे छात्र प्रारंभिक चयन प्रक्रिया के बाद ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित किये गए थे जिसमे कुल प्रतिभागियों की संख्या 3200(बत्तीस सौ)थी। इस अवसर पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चैयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं आयोजको को इसकी सफलता पर बधाई दी। आईटीए द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। डॉ. वी एन बाजपेई ने संस्थान के गौरवमय तीस साल पुरे होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि आईटीएस मोहन नगर नियमित रूप से इस तरह के शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक कार्यक्रमों को आयोजित करता है एवं एनसीआर दिल्ली और समस्त उत्तर प्रदेश के युवा प्रतिस्पर्धियों को एक इनोवेटिव एंड कॉम्पिटिटिव प्लेटफार्म प्रदान करता है। जहाँ ये छात्र अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सके एवं अपना विकास कर सके। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित छात्रों को स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया। ग्रैंड फिनाले की समाप्ति पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने बाले क्रमशः बहार सिंह (एनडीआईएम, न्यू दिल्ली), परवेज (एल लसीपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बागपत) एवं तनीषा जैन(के आई इ टी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, गाजियाबाद) विजयी छात्रों को क्रमशः 10,000/, 7500/ एवं 5000/ रुपये का नकद पुरस्कार और तीन छात्रों भारती बंसल(एलसीपी कालेज ऑफ एजुकेशन, बागपत), गौरव (एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद) एवं कशिश (केशर मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, पिलखुवा) को उनकी प्रतिभा के आधार पर उन्हें क्रमशः 1000/ रुपये का कॉन्सोलेशन प्राइज देकर सम्मानित किया गया। सभी विजयी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

# दिव्यांग परिवार को नही मिल रहा जिलाधिकारी एवम उपभोक्ता न्यायालय से न्याय

## पत्नी, बच्चों सहित घर से हुआ बेघर, शनिवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप से रामलीला ग्राउंड में लगाएंगे गुहार।

**एनपीटी ब्यूरो**



गाजियाबाद। साहिबाबाद, सक्षम और मेहनती व्यक्ति 2019 में एक सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर गवां चुकने के बाद कोर्ट,थाने,उपभोक्ता फोरम,जिलाधिकारी इत्यादि कार्यालयों के चक्कर काट काट कर अपने जीवन से बोझिल हो चुका यह शख्स न्याय मांगने के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हो चुका है। आपको बताते चलें कि न्यू करहेड़ा कालोनी महान नगर साहिबाबाद में बिट्टू सिंह मकान संख्या 619 में परिवार सहित हंसी खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रहा था पेशे से छोटा हाथी (टेम्पू) चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण बहुत अच्छे से कर रहा था पर एक शाम अपने मित्रो के साथ बाइक पर घर लौटते समय एक माल वाहक ट्रक से दुर्घटना होने पर अपना एक पैर गवां चुका है बिट्टू सिंह। बिट्टू को उसके भाई बंधुओ द्वारा हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। दुर्घटना होने के पश्चात पूरे एक हफ्ते बाद बिट्टू को होश आया और उसको पता चला कि अब वह चलने फिरने के लायक नही रह गया है। सर पर बैंक के कर्जो का बोझ लिए हॉस्पिटल से निकलने निकलने में बिट्टू को पूरा एक वर्ष लग गया । इस बीच बैंक का कर्ज दिन दूनी रात चौगनी दर से बढ़ता जा रहा था आमदनी का कोई रास्ता नही और कर्ज का बोझ बिट्टू के जीवन में अंधकार लाता गया और एक दिन बैंक ने ए डी एम फाइनेंस को धोखे में रखकर फरवरी 2025 में बैंक ने बिट्टू और उसकी पत्नी ,बच्चों को घर से बाहर कर अपना कब्जा स्थापित कर लिया। घर से बेघर हुए बिट्टू ने जिलाधिकारी,ए डी एम फाइनेंस,थाना साहिबाबाद, यहां तक कि उपभोक्ता फोरम न्यायालय तक से अपनी आप बीती कागजी दस्तावेजो के साथ जिसमें उसको न्याय मिलने के प्रबल और पुख्ता साक्ष्य मौजूद हैं अपनी गुहार /प्रार्थना एक पैर से बैसाखियों के सहारे खड़े होकर कर ली पर आज दिन शुक्रवार दिनांक 04/04/2025 तक भी बिट्टू और उसके परिवार को न्याय नही मिला। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष प्रवीण जैन के पास अधिवक्ता को साथ लेकर बिट्टू ने अपने सभी साक्ष्य प्रस्तुत कर दिए बावजूद इसके उसको न्याय देना तो दूर उसके मकान पर हुए बैंक के कब्जे पर स्टे तक देने से मना करते हुए बिट्टू को आदेशित कर दिया कि अपने पैर कटने के साक्ष्य स्वयम हॉस्पिटल जाकर लेकर आना तभी इस संबंध में कोई बात सुनी जायेगी।

अगर उपभोक्ता फोरम से भी उपभोक्ताओं को न्याय नही मिलना है तो ये ढोंग ढकोसले करने को उपभोक्ता फोरम का स्वांग रचने की क्या आवश्यकता है सरकार को? बिट्टू सिंह ने कल शनिवार को रामलीला ग्राउंड कविनगर में होने वाले दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यालय विकास भवन गाजियाबाद के कार्यक्रम में आने वाले मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप से अपनी बात रखने और न्याय दिलाये जाने की बात कही है। उसके बावजूद भी अगर बिट्टू को न्याय नही मिला तो वह मुख्यमन्त्री और प्रधानमंत्री के समक्ष सपरिवार प्रस्तुत होकर न्याय की मांग करेगा।

# बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के कैडेटों ने चैती छठ मेला देव में निभाई महत्वपूर्ण भागीदारी

**एनपीटी ब्यूरो**



बिहार औरंगाबाद -13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद की टीम के द्वारा पूरे निष्ठा से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भास्कर की नगरी देव में चैती छठ मेला में श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता की ।इस टीम का प्रतिनिधित्व बटालियन के सूबेदार मिक्की प्रसाद ने किया ।उन्होंने बताया कि एनसीसी की टीम 01 झ 04 अप्रैल तक अपना सहयोग दिया ।इस भारी भीड़ एवं उमस वाली गर्मी में श्रद्धालुओं की हर तरह से मदद की। एनसीसी कैडेटों ने देव के सूर्यकुंड परिसर ,देव मंदिर परिसर, थाना कंट्रोल रूम एवं सभी चौक चौराहों तथा बैरियर के पास श्रद्धालुओं की हर तरह से सहयोग तथा सहायता की । भीषण भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अपना मुख्य भूमिका निभाई । एन सी सी कैडेटों ने बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलने में मदद की तथा सही रास्ते की जानकारी भी दिए एवं भीड़ में फंसे बच्चे एवं महिलाओं को निकालने में भरपुर मदद किया । एन सी सी कैडेटों ने विशेष कर सूर्यकुंड तालाब में अरग देते समय महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं पर विशेष निगरानी रखी ।जो भी श्रद्धालुओं को चक्कर /बेहोश होते हुए देखते ही उन्हें बाहर सुरक्षित निकालकर प्रथम उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया ।इस भीषण गर्मी के प्रवाह ना करते हुए नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को चैती छठ पूजा में सहयोग दिया । एन सी सी कैडेट्स की सेवा भावना के सभी नागरिकों एवं अधिकारियों ने प्रशंसा भी की। इस मौके पर 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने एनसीसी कैडेटों से मिलकर देव छठ मेला का जायजा लिया एवं मेला में ड्यूटी के दौरान किए गए कार्य की खुब सराहना किए।

इस छठ मेला में भारी तादाद में श्रद्धालु देव पहुंचे थे उनके सहयोग हेतु 200 एनसीसी कैडेट को सुरक्षा एवं देखरेख के लिए ड्यूटी पर लगाया गया था जिन्होंने हर मुश्किल परिस्थिति में सभी श्रद्धालुओं को सहयोग करने में लग रहे।

# चाइनीज मांझा बना जानलेवा, तीन दिन में तीन की गर्दन कटी, पुलिस अलर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

जनपद में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से लोग घायल हो रहे हैं। एक के बाद एक घटना सामने आने के बाद मुरादाबाद पुलिस द्वारा चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। नपद में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से लोग घायल हो रहे हैं। मुरादाबाद में पिछले तीन दिन में तीन घटनाएं सामने आई है। केस नंबर एक -चाइनीज मांझे की चपेट में आने से महिला बैंककर्मी कोमल चौधरी की गर्दन कट गई। गंभीर हालत में उसे पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका ऑपरेशन किया गया है।

केस नंबर दो -मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर में बुधवार को चाइनीज मांझे से एक युवक की गर्दन कट गई।गंभीर हालत के चलते घायल जावेद को दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती गया कराया है,जहां पर वह जिंदगी और मौत की बीच जंग लड़ रहा है। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

केस नंबर तीन - मझोला थाना क्षेत्र में ड्यूटी जा रहे उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही बृजेश कुमार चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जख्मी हो गए,घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनको इलाज के बाद घर भेज दिया गए। उनकी तैनाती कटघर थाने पर है।

पुलिस प्रशासन ने चलाया चेकिंग अभियान-एक के बाद एक घटना सामने आने के बाद मुरादाबाद पुलिस द्वारा चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एसपी सिटी ने सभी थाना प्रभारियों को पतंग की दुकानों पर चाइनीज मांझा बेचने, खरीदने वालों पर कार्रवाई करने का आदेश दिए हैं।

# वक्फ संशोधन बिल का मुस्लिम महिलाओं ने किया स्वागत, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी मुबारकबाद

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**




मुरादाबाद। लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद जहां पूरे देश में अब तक लगभग एक करोड़ से ज्यादा मुसलमानों ने अपना विरोध दर्ज कराया है तो वहीं मुरादाबाद में मुस्लिम महिलाओं द्वारा वक्फ संशोधन बिल का स्वागत किया गया। मुस्लिम महिलाओं ने मोदी जिंदाबाद, योगी जिंदाबाद के नारे भी लगाए और एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

आज मुरादाबाद में दर्जनों मुस्लिम महिलाएं हाथों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लेकर सिविल लाइन्स स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची और वक्फ संशोधन बिल पास होने को लेकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। दर्जनों की संख्या में महिलाएं बुर्का पहनकर पार्क में पहुंची और वक्फ बिल के समर्थन मोदी जिंदाबाद,योगी जिंदाबाद के नारे लगाए। यहां महिलाओं ने कहा कि बिल पास होने से जो दबंगों ने गरीबों की जमीन पर कब्जा कर रखा था। उन्हें उनकी जमीनें मिल जाएंगी।

# सफाई कर्मियों ने नायब तहसीलदार को अपनी समस्याएं बताते हुए सौंपा ज्ञापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा उत्तरप्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने नारेबाजी की। इसके बाद 6 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री सम्बोधित नयाब तहसीलदार को सौंपा हैं।

नगर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यालय पर सफाई कर्मचारियों ने एकत्र होकर हुए। इसके बाद जिलाध्यक्ष राकेश दानव के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकरने नगर में नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार के दफ्तर पहुंचे।

वहां पर नायाब तहसीलदार आदित्य कुमार को ज्ञापन को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की सवैधानिक पीठ के निर्णयानुसार वंचित सफाईकर्मी वाल्मीकि समाज के कल्याणार्थ पंजाब, हरियाणा, आन्ध्रप्रदेश एवं कर्नाटक प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश में भी अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति के आरक्षित कोटे में उपवर्गीयकरण को लागू किया जाये।

समूचे उत्तर प्रदेश में सेवानिवृत्ति के पश्चात सफाई कर्मचारियों के करीब 80000 पद रिक्त पड़े हुए हैं। रिक्त पड़े पदों को भरे जाने हेतु



भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये। संविदा सफाई कर्मचारियों को शासनादेशानुसार नियमित किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये। इस सन्दर्भ में अवगत कराया जाना अति आवश्यक है। कि सन 2005 के बाद से संविदा पृथा स्थानीय निकायों में अस्तित्व में आई है, जिसमे समस्त संविदा कर्मचारियों को स्थाई किया जाने की मांग की है ।उच्च शिक्षा तक की शिक्षा निःशुल्क किए जाने की मांग-आउट सोर्सिंग ड्राइवर स्थानीय निकायों में बड़े पैमाने पर अल्प वेतन भोगी के रूप में कार्यरत है, जिसमें आउट सोर्सिंग ड्राइवरों का मासिक वेत्तन 25 हजार रुपए किए जाने की मांग की है। साथ ही वाल्मीकि समाज के व्यक्तियों को अपनी पार्टी से ज्यादा संख्या में राज्यसभा एवं विधानसभा व लोकसभा, विधान परिषद में समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजे जाने की मांग की है। सफाईकर्मी वाल्मीकि समाज की कन्याओं को प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक की शिक्षा को निःशुल्क किए जाने की मांग की है।

इस दौरान ज्ञापन देने में वालों में नगर अध्यक्ष,देवेंद्र नागपाल राजेश कुमार महामंत्री, धर्मेंद्र, देव सिंह नासबान, इंद्र कुमार, नरेश, राजू, आदि उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद में बोतल बंद पेयजल माफिया सक्रिय, सार्वजनिक स्थलों के हैंडपंप खराब

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। मुरादाबाद और उसके आसपास सार्वजनिक स्थलों पर बोतल बंद पेयजल माफिया सक्रिय हो चुके हैं। इन पेयजल माफियाओं ने सरकारी पेयजल व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। इसके पीछे उनका यही मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा पानी की बोतल बिके और उनकी अधिक से अधिक कमाई हो।

दरअसल गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है। इसको देखते हुए सभी को पानी की जरूरत महसूस होती है। मगर आपको जानकर चौंक जाएंगे कि मुरादाबाद शहर के जितने भी सार्वजनिक स्थल है, चाहे वह जिला अस्पताल हो, रेलवे अस्पताल हो, रोडवेज बस स्टेशन हो या प्रमुख चौराहे।





सभी जगह सरकार की ओर से जो सरकारी हैंडपंप लगाए गए थे। उन सभी हैंडपंपों को गर्मी आते-आते खराब कर दिया गया है।

**बोतल बंद पानी खरीदना हो गई है मजबूरी-** मुरादाबाद सार्वजनिक स्थलों पर जब सरकारी हैंडपंपों को खराब कर दिया गया है तो वहां पहुंचने वाले लोगों को प्यास लगने पर बोतल बंद पानी खरीदना उनकी मजबूरी बन गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने वाले लोगों के पास घर जाने के लिए किराया हो या ना हो मगर पीने का पानी की बोतल खरीदना उनकी मजबूरी बन गई है और एक लीटर वाली लोक बोतल वह 20 रुपये में खरीदते हैं

**2400 में से एक भी हैंडपंप सही नहीं दिखाई पड़ता-** नगर निगम के आंकड़ों पर अगर हम गौर करें तो मालूम चलता है कि मुरादाबाद शहर में दो हजार 400 सरकारी हैंड पंप लगे हुए हैं। मगर यह सारे सरकारी हैंडपंप कहीं भी देखने को नहीं मिलते हैं। अगर कहीं हैंडपंप दिख भी जाए तो उन हैंडपंपों से पानी निकालना आसान नहीं है।

**कहीं नगर निगम की भी साजिश तो नहीं-**सार्वजनिक स्थलों पर जहां पर बोतल बंद पानी अधिक बिकते हैं, जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, कचहरी आदि जगह लगे हैंडपंप अगर खराब है तो कहीं यह बोतल बंद पेयजल माफिया के साथ मिलकर नगर निगम के अधिकारियों की साजिश तो नहीं कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी को देखते हुए इन सार्वजनिक स्थलों पर एक नहीं दो-दो हैंड पंप नगर निगम को लगाने चाहिए, जिससे एक अगर खराब हो जाए तो दूसरे हैंडपंप से लोगों को पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो सके।

**खराब हैंडपंपों को ठीक कराया जाएगाः अजीत कुमार सिंह-** अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी को देखते हुए शहर के जितने भी हैंडपंप हैं। उन्हें ठीक कराया जाएगा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।